डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
05 नवम्बर 2023
रविवार

# बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
18 न्यूनतम


Page- 7

## मतदाता जागते रहो....!!




*भोपाल में मतदाता जागरूकता मेगा कार रैली में विंटेज कारें भी शामिल हुईं। विंटेज कारों को दुल्हन सजाकर लाल परेड ग्राउंड में लाया गया। इन विंटेज कारों के साथ फोटो खिंचवाने की लोगों में होड़ लग गई। इस रैली में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन व कलेक्टर आशीष सिंह भी शामिल थे।*

### मप्र में कांग्रेस पर हमलावर हुए पीएम मोदी

# अब मुफ्त राशन गारंटी पर भाजपा का फोकस



**भोपाल/ सिवनी, दोपहर मेट्रो**

आज फिर मप्र में पीएम नरेंद्र मोदी दो सभाएं कर रहे हैं। मप्र में लगातार दूसरे दिन उनका चुनावी दौरा हुआ है। वे सिवनी और खंडवा में सभा कर रहे हैं। सिवनी में मोदी ने खाद्य सुरक्षा की गारंटी दी और कहा कि इस योजना की वजह से गरीब का चूल्हा नहीं बुझ पाया और जीवन आसान हुआ। आगामी सितंबर में खत्म हो रही ये योजना अगले पांच साल और चलेगी। मोदी ने कहा अब भाजपा को जिताने की गारंटी जनता की है। कांग्रेस जहां सरकार में रहती है वहां सारी योजना एक ही परिवार के नाम होती है।

उधर कांग्रेस नेताओं के दौरे भी तेज हो रहे हैं। कमलनाथ ने आज विजयपुर में सभा की है। वहीं सीएम शिवराज आज सीधी, सिंहावल, उमरिया में जनसंपर्क व सभा के लिये पहुंच गये हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि चुनाव के निर्णायक दौर में पहुंचने के बाद भाजपा कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है,इसीलिये नरेंद्र मोदी,अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के दौरे कार्यक्रम तैयार किये गये हैं।

सभा के बाद सीएम को मंच से उतारते सुरक्षाकर्मी।



### सियासी बोलों पर चढ़ने लगा पारा

हालांकि प्रचार के दौरान नेताओं के बोल भी अब सियासी विवाद के रूप ले रहे हैं। देर रात सीएम शिवराज ने राऊ व महू में सभा में कही बातों पर कांग्रेस ने एतराज जताया है। मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने कहा है कि 'इस वैचारिक दरिद्रता के पीछे सत्ता से बिदाई की छटपटाहट साफ दिखाई दे रही है।' मिश्रा ने कहा कि इन स्तरहीन विचारों का जवाब जनता देगी। बताते हैं सीएम ने सभा में महिला सम्मान की बात करते हुए कहा कि 'जो उनको बुरी नजर से कोई देखेगा तो फांसी पर लटका दिया जाएगा। कमलनाथ सुन लेना, मुझे कुछ भी कह देना सहन कर लूंगा लेकिन मेरी बहन-बेटियों पर आंख उठाकर देखा तो ऐसी गत बनाऊंगा कि ना तो जी सकोगे, ना मर सकोगे।'

**पुरानी पेंशन लागू करेंगे:** कांग्रेस संचार प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बंद करके सरकारी कर्मचारियों से रिटायरमेंट के बाद जीवन-यापन का हक़ छीन लिया।मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही हम पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे और कर्मचारियों को सम्मान का जीवन देंगे।

# पहले विरोध करते थे मोदी, अब यू टर्न

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

### कांग्रेस का मुफ्त राशन योजना को लेकर तंज



कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री जयराम रमेश ने कहा है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पीएम मोदी ही विरोध किया करते थे और अब इसे पांच साल बढाने की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पीएम ग़रीब कल्याण योजना (PMGKY) को अगले पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। वहीं जयराम ने कहा कि 'यहां यह याद करने वाली बात है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सितंबर 2013 में संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का बार-बार विरोध किया था।' अब भी PMGKY और कुछ नहीं बल्कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ही है जो पहले से ही 80 करोड़ भारतीयों को कवर करता है। यह प्रधानमंत्री के यू-टर्न का एकमात्र उदाहरण नहीं है। मनरेगा को लेकर भी उन्हें अपना स्टैंड बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा था, जो महामारी के दौरान जीवनरक्षक साबित हुई। उनकी यह ताज़ा घोषणा आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं का संकेत है, जो लगातार बढ़कर ख़तरनाक स्तर पर पहुंच गई है। अधिकांश भारतीयों की आय उस तरह से नहीं बढ़ रही है जिस तरह आवश्यक वस्तुओं की क़ीमतें आसमान छू रही हैं।

## राहुल केदार की शरण में, बोले- दो दिन कोई मिलने न आए



**नई दिल्ली , एजेंसी।** खास बात यह है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान की व्यस्तता के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज अपना तीन दिवसीय केदारनाथ दौरा शुरू किया है। वे दो दिनों तक यहीं प्रवास करेंगे यह निजी यात्रा है। राहुल गांधी हेलीकॉप्टर के जरिए केदारनाथ पहुंचें। यहां रुद्राभिषेक करने के साथ-साथ पूजा-अर्चना करेंगे और फिर श्रद्धालुओं और पंडा-पुरोहितों से भी मुलाकात करेंगे। कांग्रेस नेता ने कांग्रेस समर्थकों से अपील की है कि यह दौरा उनका निजी दौरा है और कोई भी उनसे मिलने ना आए।

## मैं कहीं नहीं जाऊंगी वसुंधरा राजे की दो टूक



**कोटा ।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने दो टूक कहा कि वो कहीं नहीं जा रहीं। झालावाड़ की झालरापाटन विधानसभाा सीट से नामांकन दाखिल कर उन्होंने राजनीति से संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया व कहा कि मैं कहीं नहीं जा रही हूं। वसुंधरा ने कहा कि और अगर मैंने राजनीति से संन्यास के बारे में कहा, तो ऐसा इसलिए था, क्योंकि अपने बेटे दुष्यंत का भाषण सुनने और सभी लोगों की प्रतिक्रिया देखने के बाद, एक मां के रूप में मैं बहुत खुश हुई थी। मगर कोई भी राजनीति से मेरे संन्यास के बारे में न सोचें।



# शिक्षक की पिटाई से घायल हुई 6वीं की छात्रा, प्राइवेट पार्ट में भी चोट

## मामले में अभिभावक ने की स्कूल में शिकायत, डीईओ ने बनाई जांच कमेटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के एक सरकारी स्कूल में एक शिक्षक द्वारा कक्षा 6वीं की छात्रा से मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शिक्षक की पिटाई से छात्रा घायल हो गई और प्राइवेट पार्ट में भी चोट लगी है। घटना 3 नवंबर सूखी नेपानिया इलाके में संचालित शासकीय एकीकृत शाला की है। इसका खुलासा तब हुआ जब बच्ची ने माता-पिता को रोते हुए स्कूल जाने से मना कर दिया और पूरी घटना बताई। माता-पिता ने इसकी शिकायत प्रधानाध्यापक से की। शिक्षक अहिरवार पर शराब पीने का भी आरोप लगाया है। माता-पिता का आरोप है कि शिक्षक ने नशे में धुत होकर शुक्रवार को उनकी बच्ची को बेरहमी से पीटा है।

**कमेटी ने लिए शिक्षक के बयान, एक छड़ी मारने की बात स्वीकारी:** जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच के लिए दो प्राचार्य की एक कमेटी गठित की है। कमेटी शनिवार को स्कूल पहुंची थी और उन्होंने शिक्षक संतोष अहिरवार के बयान दर्ज किए है। शिक्षक ने एक छड़ी मारने की बात स्वीकार की है। टीम ने पीड़ित छात्रा की मां के बयान भी दर्ज किए है, उन्होंने मारपीट की जानकारी देते हुए शिक्षक को हटाने की बात कही है। हमें कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है, इसलिए प्रतिवेदन बनाकर कार्रवाई उपसंचालक को भेज दिया है।




## मतदाता जागरुकता अभियान...

### भोपाल करेगा वोट

**भोपाल।** राजधानी के लाल परेड मैदान में मतदाता दिवस को लेकर रैली का आयोजन किया। जिसमें मिस इंडिया अपेक्षा डबराल ने वोट के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया।



गौहर महल दीप उत्सव मेले में 100 किलो रंगों 15 मीटर रेडियंस में तैयार की रंगोली में 2000 दीपों से चमकता गौहर महल।

## बीसीएलएल ने बस संचालकों को नोटिस के साथ फरमार भी सुनाया

# कार्डधारियों से किराया मांगा तो लो फ्लोर बस के चालक-परिचालकों की जाएगी नौकरी

### कुछ लो फ्लोर बस चालकों ने कहा था निगम का मासिक कार्ड नहीं करेंगे मान्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लो फ्लोर बसों में यात्रा के लिए आपने 800 रुपये चुकाकर मासिक कार्ड लिया है तो वह भी मान्य होगा। उसके रहते आपसे कोई भी अतिरिक्त किराया नहीं वसूल सकेगा। यदि कोई चालक व परिचालक ऐसा करता है तो उसकी नौकरी जानी तय है।

असल में बीसीएलएल ने उन बस संचालकों को नोटिस भेजा है, जिनके चालकों व परिचालकों को ने 800 रुपये वाले कार्ड को लेकर स्मार्ट कार्डधारी यात्रियों को भ्रमित करने की कोशिश की थी और कहा था कि ये कार्ड नहीं चलेंगे। जिसके बाद बीसीएलएल ने उक्त नोटिस के साथ फरमार जारी किया है।



### 1500 कार्डधारी हो रहे थे परेशान

उक्त कार्डधारियों की संख्या शहर में 1500 से अधिक है। इन्होंने 800 रुपये चुकाकर उक्त कार्ड लिया है। हर माह इसकी संख्या बढ़ती–घटती रहती है। इसके अलावा भी शहर में स्मार्ट कार्ड धारियों की संख्या अच्छी खासी है जो लो फ्लोर बसों में यात्रा करते हैं।

### चालक–परिचालकों ने ऐसे किया था भ्रमित

असल में बीसीएलएल की लो फ्लोर सीएनजी बसों में 800 रुपये वाले मासिक स्मार्ट कार्डधारी यात्रियों से परिचालकों द्वारा ठीक व्यवहार नहीं किया जा रहा था। 800 रुपये वार्ड कार्ड लेकर पहुंचने वाले पासधारी यात्रियों बसों में चढ़ने नहीं देते थे। जबरन उतारा जाता था या फिर अलग से किराया देने के लिए मजबूर किया जाता था। इस तरह संबंधित यात्रियों को दूसरे यात्रियों के सामने अपमानित महसूस करना पड़ता था। परिचालकों का कहना था कि निर्धारित रूट का पास चाहिए। ये घटनाक्रम बीसीएलएल के संज्ञान में आए थे। जिसके बाद संबंधित बस संचालकों को नोटिस जारी कर दिया है। चेतावनी दी गई है कि किसी भी पासधारी यात्री को बस से उतारा गया या उससे किराया मांगा गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### कार्डधारी या यात्री यहां करें शिकायत

*उक्त कार्डधारी या सामान्य यात्रियों से अपील की गई है कि कोई ऐसा करता है तो वह कॉल सेंटर नबंर 9752399966 पर इसकी शिकायत कर सकते हैं। ये नंबर सभी बसों पर चस्पा किए गए हैं।*

# कोरोना की दूसरी लहर में चेहरा खराब करने वाला ब्लैक फंगस लौटा




भोपाल एम्स में दो मरीजों को हुई पुष्टि, इलाज चल रहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोरोना महामारी की दूसरी लहर में मरीजों का चेहरा खराब करने वाला ब्लैक फंगस फिर लौट आया है। इस फंगस से पीड़ति दो मरीजों की पहचान हुई है। दोनों का भोपाल एम्स में इलाज चल रहा है। इसमें से एक मरीज को तो भर्ती कराना पड़ा है।

म्यूकर माइकोसिस नामक इस बीमारी ने कोरोना की दूसरी लहर में कहर बरपा दिया था। चेहरा खराब होने के बावजूद कई पीड़ितों की जान चली गई थी तो कुछ की सूरत ही बिगड़ गई। आंखों व जबड़ों पर इसका सबसे अधिक असर देखा गया था। एम्स से मिली जानकारी के मुताबिक म्यूकर माइकोसिस जैसी बीमारी से मिलते-जुलते लक्षण वाले 12 मरीज बीते एक महीने में एम्स पहुंचे थे। इनमें से दो मरीजों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों ही मरीजों की हिस्ट्री निकाली जा रही है।

म्यूकर माइकोसिस, ये एक फंगल बीमारी है। इस संक्रमण के शिकार अधिकतर वे मरीज हो रहे हैं, जो पहले से ही किसी बीमारी के शिकार हैं। ऐसे मरीजों के शरीर का इम्युनिटी स्तर कम रहता है। यह फंगस सांस के जरिए शरीर में पहुंचता है। यदि शरीर में किसी तरह का घाव या शरीर कहीं जला है, तो वहां से भी ये फंगस शरीर में पहुंच सकता है।

### यह होते है लक्षण

- शरीर के किस हिस्से में इंफेक्शन है, उस पर इस बीमारी के लक्षण निर्भर करते हैं।
- चेहरे का एक तरफ से सूज जाना, सिरदर्द होना, नाक बंद होना, उल्टी आना, बुखार आना, चेस्ट पेन, साइनस कंजेशन, मुंह के ऊपर हिस्से या नाक में काले घाव दिखाई देना, इनमें से कई लक्षण संक्रमित व्यक्ति के शरीर में बहुत तेजी से दिखाई देने लगते हैं।

# सुकून चाहते हैं, तो अंतर्मन में सुकून लाना होगा: सुदीक्षाजी

## 76वें निरंकारी संत समागम का समापन, बैरागढ़ के सैकड़ों निरंकारी समागम से लौटे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सुकून का संदेश देता हुआ 76वां निरंकारी संत समागम सफलतापूर्वक समालखा हरियाणा में समापन हुआ। समागम में बैरागढ़ के सैकड़ों निरंकारी शामिल होकर वापस लौटे और अपने अनुभव साझा किए। निरंकारियों ने कहा, सुदीक्षाजी का वह संदेश लेकर लौटे है, जिसमें कहा गया है कि हर एक इंसान चाहता है कि विश्व में शांति हो, सुकून हो, हर कोई सुकून की जिंदगी जी पाये। वास्तविक रूप में यह तभी सम्भव है जब हम अपने अंतर्मन में पहले सुकून लाएंगे। समागम में देश के कोने-कोने से एवं दूर देशों से लाखों की संख्या में निरंकारियों का आत्मीय मिलन हुआ। सुकून विषय पर प्रदर्शनी को 6 भागों में बांटा गया था, प्रदर्शनी के अलावा स्टूडियो डिवाइन, बाल प्रदर्शनी, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग प्रदर्शनी, थिएटर एवं डिजाइन स्टूडियो इत्यादि का समावेश था। समागम में सेवादल की रैली भी निकली। समागम में निरंकारी राजपिता के विचारों को भी सुनने का मौका मिला। देश विदेश के 77 युगल परिणय सूत्र में बंधे। बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महेश वीधानी ने बताया कि समागम में बैरागढ़ के सैकड़ों निरंकारी श्रद्धालु शामिल हुए। ब्रांच के संचालक अशोक नाथानी शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी के नेतृत्व में सेवा दल द्वारा समागम स्थल पर सेवाएं भी दीं।




## बीयू- पीजी के परीक्षा फॉर्म 21 नवंबर तक

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के पीजी थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। इस दौरान एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएससी होमसाइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक साइंस कोर्सेस के नियमित छात्रों के अलावा स्वाध्यायी (प्राइवेट स्टूडेंट) फॉर्म जमा कर सकते हैं। लेट फीस के साथ आवेदन करने की आखिरी तारीख 23 नवंबर है। नियमित छात्रों की परीक्षा फीस 1330 रुपए और स्वाध्यायी छात्रों की फीस 1580 रुपए है। इस दौरान थर्ड सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त छात्रों को भी आवेदन करना होगा।

## सफल लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट की महत्ता का दिया संदेश




**भोपाल।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में बच्चों ने आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से मतदाताओं को सफल लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट की महत्ता का संदेश दिया गया। स्कूल के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने बताया कि इस नाटक को वीडियो के माध्यम से पालकों एवं अधिकतम मतदाताओं तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। इसी के साथ देश के भावी मतदाताओं यानी बच्चों को मतदान प्रक्रिया एवं मत के महत्व से परिचित कराया गया। ताकि भविष्य में वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सके।

## नि:शुल्क गणेशजी एवं मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं भेंट

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति द्वारा नि:शुल्क मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं एवं हर घर में दीप जलाने का कार्य अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत शनिवार को हुई। बूढ़ाखेडा गांव, मां आनंदमयी आश्रम क्षेत्र में भगवान प्रतिमाएं भेंट की गयी। समिति के अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग ने बताया कि 05 नवंबर को रात्रि साढे सात बजे मां काली मंदिर हलालपुर में हनुमान महाराजजी की आरती कर बच्चों को मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं, दीपदान एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा।

समिति के कमलेश देवानी, जीतू शिवनानी, राज बिजोरिया, रुप कुमार सोनी, प्रभु मूलचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, प्रजापति, टीना बाई, सुनीता बाई अभियान में लगे हुए हैं।

**मेट्रो एंकर**

## लर्न टू अर्न में दीपावली के स्टॉल लगाए गए

# नवनिध में प्रदर्शनी, छात्राओं ने रखे विज्ञान मॉडल्स

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के नए आविष्कारों, विभिन्न प्रकार की खोजों के प्रति जागरूक बनाना, रचनात्मकता का विकास करना और विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना था।

प्रदर्शनी का शुभारंभ शहीद हेमू कालानी एज्युकेशन सोसायटी के हीरो ज्ञानचंदानी, ए.सी.साधवानी, घनश्याम मूलचंदानी, गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी, विद्यालय की प्राचार्या, अमृता मोटवानी, रेखा केवलानी, उपप्राचार्या एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।

इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में छात्राओं ने संस्कृत श्लोक के सुरमय गान से अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी के चारों छोर अपने आप में आकर्षण का केंद्र थे। प्रथम छोर पर पर्यावरण की सुरक्षा, द्वितीय छोर पर औषधीय वृक्ष, तृतीय छोर पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोचक खेल, और चतुर्थ छोर पर वैज्ञानिक शोधों, अनेक प्रकार के रॉकेटस एवं सेटेलाइट्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं के द्वारा दी जा रही थी।

प्रदर्शनी में लगभग 350 छात्राओं ने मॉडल्स प्रस्तुत किए, जिसमें सामान्य -मशीन, मानव ज्ञानेंद्रिया, श्वसन -तंत्र, दंत -संरचना, अग्नि रोधी यंत्र, जैविक कोशिकाएं, पादप कोशिकाएं, मस्तिष्क की संरचना, सौरमंडल, वायु ऊर्जा, ज्वालामुखी, मानव आंख की संरचना, विद्युत प्रभाव, रक्त संचार एवं डीएनए का मॉडल आकर्षण का केंद्र थे। उद्यमिता कार्ययोजना के अंतर्गत छात्राओं ने लर्न टू अर्न में अनेक प्रकार के दीपावली संबंधित सजावटी सामान, दीए एवं मिठाइयों के स्टॉल लगाए।



## छोटी-बड़ी खबरें

### श्रमिकों को मतदान के लिए मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**भोपाल.** 17 नवंबर मप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक या किसी अन्य संस्थान में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन छुट्टी दी जाएगी। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अशीष सिंह ने इस संबंध में सभी कारोबार, व्यवसाय व औद्योगिक के जिम्मेदारों के साथ कलेक्टोरेट में बैठक की। इसके बाद सभी ने श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने के आदेश दिए गए हैं।

### मतदान करने टॉम-जेरी ने किया लोगों को जागरूक

**भोपाल.** शहर के अलग अलग क्षेत्रों में मतदान के लिए टॉम एंड जेरी, छोटा भीम और मोटू पतलू ने लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शोभना जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। स्वयंसेवकों ने कार्टून के ड्रेसअप में रेलवे स्टेशन, पुरानी सब्जीमंडी, भीम नगर ओर न्यू मार्केट में इस अनूठे अंदाज में अभियान चलाया। सरकारी कला व वाणिज्य नवीन कॉलेज ने मल्टीमीडिया वेन के जरिए यह जागरूक अभियान चलाया।

### नाटक के माध्यम से दिया मतदान करने का संदेश

**भोपाल.** मतदान के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इसमें मतदाता जागरुकता क्लब के तत्वावधान में बच्चों ने आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया। स्कूल के प्राचार्य सुधाकर पारासर ने बताया कि इस नाटक को वीडियो के माध्यम से पालकों एवं अधिकतम मतदाताओं तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। इसी के साथ देश के भावी मतदाताओं यानी बच्चों को मतदान प्रक्रिया एवं मत के महत्व से परिचित कराया गया। ताकि भविष्य में वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सके। इसके माध्यम से मतदाताओं को सफल लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट की महत्ता का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महाउत्सव में सभी को भाग लेना चाहिए।



बुरहानपुर में अर्चना चिटनिस के लिये सभा करते कैलाश विजयवर्गीय।



सीएम ने मनावर, रतलाम, धार व इंदौर की चार विधानसभाओं में देर रात तक चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

### विधानसभा चुनाव प्रचार : देर रात तक चलने लगा है सभा और संपर्क का सिलसिला

# सीएम ने रात तक की दस सभाएं, दोनों दलों के मुख्यालय भी हुए हमलावर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव प्रचार में एकदूसरे से आगे निकलने की कश्मकश में भाजपा कांग्रेस के तमाम स्टार प्रचारकों के अनथक रैली दौरे सभा व भाषण जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीती देर रात तक मप्र में दस सभाओं को संबोधित किया, भाजपा के लिये कैलाश विजयवर्गीय,नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी मैदान में मोर्चा संभाला तो मुख्यालय भोपाल में वीडी शर्मा ने हमले की जिम्मेदारी संभाली। कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का उपयोग बालाघाट व डिंडौरी जैसे आदिवासी बहुल अंचल में किया, यह सिलसिला अभी और जारी रहेगा। कमलनाथ उनके साथ हैं। वहीं दिग्विजय सिंह ने अपने प्रभाव क्षेत्र राजगढ व राघौगढ में जमकर प्रचार किया है। कांग्रेस के भोपाल मुख्यालय पर जयराम रमेश और राजीव शुक्ला भाजपा पर हमलावर हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर दिन ताबड़तोड़ सभाएं कर रहें हैं। मनावर, गंधवानी, सरदारपुर, धार समेत इंदौर की चार विधानसभाओं में देर रात तक रोड शो कर कुल 10 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला व कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में मध्यप्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। कांग्रेस ने प्रदेश में विकास की एक ईट भी नहीं लगाई है। मध्यप्रदेश का विकास केवल भाजपा सरकार ने ही किया है। एक तरफ प्रधानमंत्री ने नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा हैं तो वहीं दूसरी तरफ मप्र भी विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

गौरतलब है कि खड़गे ने आदिवासी क्षेत्रों में मनरेगा योजना का कई बार जिक्र करके कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्य की सरकार, दोनों सरकारें गरीबों, मजदूरों और किसानों की ओर देखना भी नहीं चाह रही है। मोदी ने कहा था कि हम 2022 तक किसानों की आमदनी दुगनी करेंगे, लेकिन अभी तक किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हुई है। खड़गे ने कहा कि मोदी ऐसे बोलते हैं कि जैसे उनके आने के बाद ही इस देश में स्कूल कॉलेज बने सड़के बनी और काम शुरू हुआ।

### भोपाल में गाढा हो रहा रंग

भोपाल में चुनाव प्रचार का रंग गाढा हो रहा है। यहां सभी सातों सीटों के उम्मीदवारों ने मतदाताओं से डोर टू डोर का क्रम चला रखा है। हालांकि यहां कांग्रेस और भाजपा के बडे नेताओं की सभा नहीं हुई है लेकिन नुक्कड सभा का दौर जारी है। कांग्रेस के पीसी शर्मा,आरिफ मसूद, नरेश ज्ञानचंदानी,मनोज शुक्ला आतिफ अकील सघन संपर्क में जुटे हैं तो भाजपा के भगवानदास सबनानी,रामेश्वर शर्मा, आलोक शर्मा ने भी ताकत झोंक रखी है। मसूद का धर्मगुरूओं ने सम्मान किया तो नरेला में मनोज शुक्ला के समर्थकों ने उनके चेहरे वाले मुखौटे लगाकर प्रचार किया।

### बुरहानापुर में प्रचार करने के लिए पहुंचे कैलश

विजयंवर्गीय ने कहा कि कमलनाथ ने जनता से करीब 900 वादे किए थे, लेकिन 15 महीने सरकार चलाने के बाद 9 वादे भी पूरे नहीं किए। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को जनता की कोई फिक्र ही नहीं है। कमलनाथ उसी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता है, जिसने देश के सुप्रीमकोर्ट में शपथ-पत्र प्रस्तुत करते कहा था कि राम होते ही नहीं हैं। रामायण उपन्यास है। अगर धोखे से भी मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई तो प्रदेश की एक करोड़ 31 लाख से अधिक बहनों को प्रति माह मिलने वाले 1250 रुपए कांग्रेस बंद कर देगी। अर्चना चिटनीस और मंजू दादू के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए विजयवर्गीय ने गणपति नाका से गांधी चौक तक रोड शो भी किया।

### रोटी पलटने का वक्त- शुक्ला

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि भजापा जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों की पार्टी है। इस वक्त प्रदेश का किसान यूरिया खाद के लिए परेशान हो रहा है। वजह यह है कि भाजपा ने सहकारी समितियों को कमजोर कर खाद बेचने का काम भाजपा के कार्यकर्ताओं की दुकानों को दे दिया है जो सत्ताधारी दल के संरक्षण में कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 150 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पुरानी कहावत है कि तवे पर रोटी पलटते रहना चाहिए, अगर रोटी पलटते नहीं है तो जल जाती है। इसलिए मप्र में 18 साल की भाजपा सरकार को पलटने की जरूरत है, ताकि ये लोगों को तंग न कर सकें, महिलाओं पर अत्याचार न कर सकें और आदिवासियों के सिर पर पेशाब न कर सकें।

### भाजपा का विजय विजन

भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग ने विधानसभा चुनाव में मीडिया के लिए मीडिया दिग्दर्शिका विजय संकल्प अभियान (मीडिया हैंडबुक) तैयार की है। जिसमें पार्टी प्रत्याशियों की जानकारी के साथ भाजपा संगठन की जानकारी और केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी भी समाहित की गयी ह। इस मौके पर वीडी शर्मा ने कहा कि पार्टी का मध्यप्रदेश मीडिया विभाग लगातार नवाचार के साथ काम कर रहा है, उसी कड़ी में यह मीडिया हैंडबुक चुनाव में मीडिया बंधुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। रेल मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने मीडिया दिग्दर्शिका का विमोचन किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के राकेश त्रिपाठी, पंकज चतुर्वेदी मंचासीन थे।



कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने 10 नंबर मार्केट पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया धर्मगुरुओ ने मसूद का स्वागत किया।



भाजपा उम्मीदवार भगवानदास सबनानी ने आज सुबह एकान्त पार्क में जनसंपर्क किया।



नरेला में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला के समर्थकों ने उनके चेहरे वाले मास्क लगाकर प्रचार किया।

### हुजूर सामान्य प्रेक्षक ने 25 मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा हुजूर के सामान्य प्रेक्षक तलत परवेज ने बैरागढ़ के 25 से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिजली, पानी सहित मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम आशुतोष शर्मा व एसीपी अनिल शुक्ला मौजूद रहे।

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 16 नवंबर तक चलेंगी मतदान केंद्र स्तर पर एक्टिविटीज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब चुनाव आयोग का फोकस अधिकतम मतदान है। इसके लिए अफसरों और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ साधु-संतों की भी मदद लेने की तैयारी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे धर्मगुरुओं की बैठक बुलाएं। उनसे कहें कि वे सत्संग में लोगों को अधिक से अधिक वोटिंग के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा आयोग के निर्देश पर उन मतदान केंद्रों मे कम वोटिंग के पुराने ट्रेंड को देखते हुए चिह्नित पोलिंग सेंटर्स पर लोगों को इस बार अधिकतम वोटिंग के लिए प्रेरित करने का काम भी शुरू किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी कलेक्टरों के साथ की गई थी। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि सभी जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के साथ यह ध्यान रखें कि जिन मतदान केंद्रों में पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था वहां लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चलाएं। महिला और पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत लगभग बराबर रहे, इसके प्रयास करें।

### आज भाजपा नेताओं के कई दौरे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व 5 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर है। इनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उमरिया, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेष चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर नर्मदापुरम एवं रायसेन, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा छतरपुर, पन्ना, कटनी, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेष चुनाव सह प्रभारी अष्विनी वैष्णव एवं गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत भोपाल एवं देवास, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल इंदौर व उज्जैन, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भिण्ड, मुरैना, श्योपुर व ग्वालियर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भोपाल, दमोह, फग्गनसिंह कुलस्ते धार व बड़वानी जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

**मेट्रो एंकर** नियुक्ति के तीन माह वित्त विभाग ने सृजित किए पद

## मध्यप्रदेश के 5500 प्राथमिक शिक्षकों को मिली राहत, जल्द मिलेगा वेतन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश में नवनियुक्त 5500 प्राथमिक शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। जल्द ही इन सभी शिक्षकों के खातों में वेतन पहुंच जाएगा। इनके पद सृजित हो गए हैं और पोर्टल पर दिखने लगे हैं। अब आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से हर ब्लॉक से जिले स्तर पर जानकारी भेज दी जाएगी, जिसके बाद ट्रेजरी से आईडी जनरेट होकर वेतन खातों में डाल दिया जाएगा।**

उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पहले नियुक्ति के बाद भी वित्त विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण पोर्टल पर पद शून्य बताने से सभी प्रायमरी टीचर्स को वेतन नहीं मिल रहा था। शुक्रवार दोपहर बाद से ही पद सृजित होते ही पोर्टल पर दिखने लगे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



**यह है पूरा मामला :** भर्ती के समय प्राथमिक शिक्षकों के प्रदेश में करीब सवा लाख पद खाली थे। यही कारण है कि पहली काउंसलिंग 7429 पदों के लिए हुई। जनजाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के अंतर्गत 49 हजार 567 पद रिक्त थे। लेकिन ट्राइबल डिपार्टमेंट ने अनुमति ले ली थी इसलिए पहली की काउंसलिंग में 11 हजार से अधिक पदों पर भर्ती कर दी। अगस्त में दूसरी काउंसलिंग में 5500 पदों पर स्कूल शिक्षा विभाग ने नियुक्ति दी। यह रिक्त पदों से 5 प्रतिशत से अधिक हो गई और यहीं पूरा पेंच फंस गया। नियमानुसार रिक्त पदों पर 5 प्रतिशत से अधिक पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग की अनुमति जरूरी होती है, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिरिक्त नियुक्ति करते समय ये अनुमति नहीं ली गई। वित्त से अनुमति नहीं मिलने से स्वीकृत पदों की संख्या शून्य बताई जा रही है। चूंकि संबंधित जिले में ऑन रिकॉर्ड कोई पद ही नहीं है तो आईडी बनना तो बहुत दूर की बात थी। यही कारण है कि इनकी सैलरी ही नहीं बन पा रही थी।








प्रवाह
रविवारीय
दोपहर मेट्रो भोपाल, रविवार, 05 नवंबर 2023 www.dopaharmetro.com

# आतंक से मुक्ति पाते छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र का शंखनाद

■ आलोक मेहता



आप अमेरिका के नियाग्रा फाल्स ( वाटर फाल्स ) गए हैं या जाने का इरादा रखते हैं ? दोनों ही स्थितियों में मेरा अनुरोध होगा कि कृपया एक बार बस्तर में जगदलपुर - दंतेवाड़ा क्षेत्र के चित्रकोट वाटर फाल्स को देखने आनंद लेने जरुर जाएं। इसे छोटा नियाग्रा फाल्स कहने में खुशी होगी। लेकिन सवाल होगा - यह तो बस्तर का सबसे खतरनाक कहा जाने वाला माओवादी नक्सल हिंसा प्रभावित इलाका है। जी रहा था , लेकिन इस क्षेत्र में अब हिंसा केवल कुछ आतंकी गुटों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी के दौरान होती है। यदि आप कोई चार्ट बनाएगें तो अमेरिका के विभिन्न शहरों में सिरफिरे बंदूकधारियों द्वारा की गई गोलीबारी से मरने वाले लोगों की संख्या बस्तर से अधिक होगी। अब बस्तर और सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ तेजी से जागरुक होकर प्रगति के रास्ते पर है। इस महीने फिर विधान सभा चुनाव के साथ दिसम्बर में नई सरकार बनाने के लिए शहरी लोगों से कई गुना अधिक उत्साह आदिवासियों के बीच है। पांच साल पहले के चुनाव में भी यहाँ 86 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

कांकेर में इस बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भारी जनसभा देखकर सचमुच आदिवासियों के आत्म विश्वास और भविष्य के लिए नई अपेक्षाओं की झलक मिलती है । यह मुद्दा भारतीय जनता पार्टी या कांग्रेस की चुनावी विजय पराजय का नहीं है । यह विश्व में सफलता से आगे बढ़ते लोकतंत्र का है । पिछले चालीस वर्षों के दौरान एक पत्रकार के नाते मुझे बस , जीप , कार , विमान और हेलीकाप्टर से छत्तीसगढ़ जाने के अवसर मिले हैं । सबसे पहले जगदलपुर के आगे एक गांव के हाट बाजार में एक स्थानीय अधिकारी के साथ उनकी भाषा में बात करने का अवसर मिला तो पता चला था कि करीब आठ दस मील चलकर आया आदिवासी थोड़ा सा नमक खरीदने आया था , ताकि काले लाल चींटों की चटनी में नमक मिलाकर खा सके । महुआ तो पत्ते में रखकर पी सकता है । और पिछले चुनाव से पहले रमन सिंह के भाजपा राज के दौरान जाने पर दंतेवाड़ा के हाट बाजार में ऐसा लगा , जैसे दिल्ली के मयूर विहार में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में आए हैं । आदिवासी अपनी वेशभूषा में मस्ती में , सब्जी बेचने के साथ ई रिक्शा चलाती महिलाएं , नक्सल हिंसा प्रभावित बच्चों के लिए आधुनिकतम स्कूल , अनाज बेचने और व्यापार धंधे के सलाह केंद्र देखकर बदला छत्तीसगढ़ सुखद लगता है । कभी रायपुर से जगदलपुर बस से जाने पर मुझे दस बारह घंटे लगे थे , अब टोयटा इनोवा गाडी से दंतेवाड़ा से रायपुर देर शाम चलकर 6 घंटे में पहुँच गए । यही नहीं जगदलपुर से रायपुर और दिल्ली हैदराबाद के लिए विमान यात्रा भी आसान हो गई है ।

छत्तीसगढ़ पहले मध्य प्रदेश का हिस्सा था । सन 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद प्रगति के रास्ते अधिक खुल गए । माओवादी नक्सल समस्या बहुत हद तक नियंत्रित हुई है , लेकिन राजनीति और क़ानूनी सीमाओं के कारण कुछ इलाके प्रभावित हैं । पडोसी राज्यों से भी समस्या के निदान में केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों पर निर्भरता है । इस बार चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने बस्तर क्षेत्र में 126 नए मतदान केंद्र बनाए हैं,वहीं संभाग में कुल 2483 बूथों में मतदान प्रक्रिया संचालित की जाएगी। बस्तर क्षेत्र के कांकेर, अंतागढ़, भानुप्रतापुर, सुकमा, कोंटा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, कोंडागांव आदि विधानसभा क्षेत्रों में नए बूथों में मतदाताओं को अपने गांवों में पहली बार वोट डालने का अनुभव मिलेगा। पहले चरण की जिन 20 सीटों पर मतदान होना है, वहां की 12 सीटें अति संवेदनशील हैं। नक्सली हिंसा के बाद भी यहां रिकार्ड मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय ने अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को अलग से चिन्हांकित किया है।पिछले पांच वर्षों में इन अति नक्सल प्रभावित इलाकों में 60 से अधिक सुरक्षा बल कैंप स्थापित किये गये हैं ।

विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला होगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के साथ आम आदमी पार्टी भी इस चुनाव ताल ठोकेगी। एक ओर भाजपा सत?ता में वापसी के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है।कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में राज्य में 90 में से 68 सीटें जीतकर 15 साल बाद राज्य की सत्ता हासिल की । वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के नेतृत्व में उतरी भाजपा को केवल 15 सीटें हासिल हुई थीं। इस बार उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में पेश नहीं किया गया , लेकिन मोदी के साथ प्रदेश के चुनाव अभियान का प्रमुख चेहरा वही हैं । इसलिए भाजपा अधिकाधिक सीटें और सरकार बनाने के लिए बड़े दावे के साथ मैदान में हैं ।



फाइल फोटो

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष और अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनके नामांकन दाखिल करते ही यह सीट बेहद दिलचस्प हो गई है। ऊपर से भले ही यह दो राजनीतिक दलों की चुनावी लड़ाई लगती हो लेकिन तहों में जाने पर यह बेहद निजी लड़ाई मालूम पड़ती है। छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी और अमित जोगी प्रारम्भ से ही खलनायक की तरह विवादासपद रहे हैं । जोगी परिवार ने इस क्षेत्र के श्यामा चरण विद्या चरण शुक्ल नेता परिवार , मोतीलाल वोरा , रमन सिंह सबके विरोध में हर संभव हथकंडे अपनाए । अमित जोगी तो हत्या से जुड़े एक मामले में जेल तक रहा । सत्ता के दुरुयोग के गंभीर आरोप रहे । लेकिन कांग्रेस नेतृत्व और गाँधी परिवार के वरद हस्त के कारण बचते रहे ।

अमित जोगी ने पिता अजीत जोगी के साथ कांग्रेस से अलग होकर 2016 में नई पार्टी बनाई। 2018 के विधानसभा चुनावों में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने बसपा के साथ एलांयस किया। अजीत जोगी की पार्टी को पांच और बसपा को दो सीटें मिलीं। राज्य में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार आ गई। 2020 में अजीत जोगी नहीं रहे। अजीत जोगी के निधन के बाद उनकी पत्नी रेणु जोगी ने इस पार्टी का विलय कांग्रेस में करने की कोशिशें शुरू कीं। यह कोशिशें करीब-करीब परवान भी चढ़ गईं थीं लेकिन एक शर्त की वजह से सब कुछ रुक गया। अजीत जोगी के ना रहने के बाद उनकी पत्नी और पूर्व कांग्रेस नेता रेणु जोगी इस पार्टी का विलय कांग्रेस में चाहती थीं। वह लंबे समय से कांग्रेस में विधायक रह चुकी थीं। उन्होंने स्टेट लीडरशिप के साथ-साथ कांग्रेस हाईकमान से भी बात शुरू की।उनकी सोनिया गांधी से इस विषय में बात हो रही थी। सोनिया और रेणु की दशकों पुरानी जान-पहचान थी। सोनिया इस विलय के खिलाफ नहीं थीं लेकिन उन्होंने अंतिम फैसला लेने के लिए राज्य की ईकाई को ही अधिकृत किया। रेणु के संबंध राज्य की ईकाई के नेताओं के साथ बहुत मधुर तो नहीं थे लेकिन खटासपूर्ण भी नहीं थे। पार्टी के नेताओं के साथ बात शुरू हुई। लेकिन कांग्रेस की राज्य ईकाई ने उनके सामने एक शर्त रख दी। यह विलय की ऐसी शर्त थी जिसे पूरा कर पाना संभव नहीं था।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस विलय के खिलाफ थे। वह किसी भी हालत में जोगी परिवार की कांग्रेस में फिर से प्रवेश नहीं चाहते थे। राज्य का कोई भी नेता इस पार्टी के विलय को लेकर सहज नहीं था। उसकी एकमात्र वजह अमित जोगी थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव सहित सभी नेता इस विलय के खिलाफ थे । चूंकि सोनिया गांधी इस विलय के खिलाफ नहीं थीं इसलिए पार्टी के नेताओं ने रेणु को दो टूक तो मना नहीं किया लेकिन उनके सामने एक शर्त रख दी गई। रेणु जोगी से कहा गया कि कांग्रेस पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सभी नेताओं को कांग्रेस में ले लेगी लेकिन वह अमित जोगी को नहीं लेगी। अमित के बिना यदि पार्टी विलय करना चाहती है तो विचार किया जा सकता है। जैसा कि स्वाभाविक ही थी इस शर्त के बाद विलय की बात टूट गई। इसी के साथ भूपेश बघेल और जोगी परिवार के बीच की राजनीतिक तल्खी एक निजी तल्खी में बदल गई। पाटन की सीट से उनका नामांकन दाखिल करना राजनीतिक पंडितों को राजनीति से ज्यादा निजी लग रहा है।

2018 के विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ अपने उम्मीदवारों का एलान कर रही थी। उस समय तक भी रेणु जोगी कांग्रेस पार्टी में बनी रहीं। कांग्रेस के लिए असहजता बढ़ती गई। कांग्रेस ने जब रेणु जोगी की पारंपरिक सीट कोंटा से किसी और प्रत्याशी की घोषणा कर दी तब उसके बाद रेणु जोगी ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सदस्यता ली और उस पार्टी ने नामांकन दाखिल किया। एक तरह से कांग्रेस पार्टी ने कभी भी रेणु जोगी को पार्टी ने निकाला नहीं। बताते हैं कि सीएम भूपेश को छोड़कर रेणु जोगी के संबंध पार्टी के बाकी नेताओं के साथ तल्खी वाले नहीं हैं। पाटन की सीट अब दिलचस्प हो गई है। पहले यहां पर भूपेश बघेल और बीजेपी के दुर्ग से सांसद विजय बघेल के बीच सीधी लड़ाई थी। विजय बघेल 2008 के चुनाव में भूपेश को हरा भी चुके हैं। अमित जोगी ने अंतिम दिन इस लड़ाई में आए हैं । उनके आने से यह मुकाबला दिलचस्प हो गया है। पाटन सीट पर सतनामी समाज के वोटरों की संख्या ठीक-ठाक है। सतनामी समाज के लोग जोगी के पारंपरिक वोटर रहे हैं। यदि बड़ी संख्या में वोटर अमित जोगी के पक्ष में आते हैं तो निश्चित ही भूपेश बघेल के सामने चुनौती खड़ी होगी।

# मराठा आंदोलनः घरेलू राजनीति का कड़वा चौथ !

■ राकेश अचल

देश भर में महिलाएँ अपने जीवनसाथी की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत रख रही थीं तब घरेलू राजनीति में वह दिन 'कड़वा चौथ' का दिन साबित हो रहा था। लोकतंत्र के दीर्घायु होने के लिए कोई राजनीतिक दल व्रत रखने के लिए तैयार नहीं है। राजनीति में लोकतंत्र के प्रति व्रती कोई नहीं बनना चाहता। बात महाराष्ट्र से शुरू करता हूँ। महाराष्ट्र में इन दिनों मराठा आरक्षण को लेकर आग लगी हुई है। दल विशेष के जनप्रतिनिधियों के घर जलाये जा रहे हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनकर खड़ी हुई है। किसी की समझ में नहीं आ रहा कि इस आंदोलन के अचानक उग्र होने के पीछे कौन है और सरकार का इस आंदोलन को लेकर रवैया क्या है? मराठा आरक्षण आंदोलन से आखिर किसका फायदा और किसका नुकसान होने वाला है।महाराष्ट्र अनेक समाज सुधारकों, बुद्धिजीवियों, योद्धाओं के लिए जाना जाता है। इतिहास में महाराज शिवाजी से लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर, ज्योतिबा फुले तक यहीं से आते हैं, लेकिन यहीं अब आरक्षण को लेकर आग लगी है और आग तब लगी है जब महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। जाहिर है या तो सरकार नाकाम साबित हो रही है या फिर सरकार का इस आंदोलन को परोक्ष समर्थन है ताकि सरकार के आंतरिक गठजोड़ की खामियों और प्रशासनिक नाकामियों पर पर्दा डाला जा सके।

महाराष्ट्र की राजनीति आजकल तोड़फोड़ की राजनीति है। सत्तारूढ़ भाजपा ने सत्ता में बने रहने के लिए पहले शिवसेना को तोड़ा और बाद में एनसीपी को और जो ईंट-रोड़े मिले उसने अपना



सरकारी घर बना लिया। लेकिन ये ईंट-रोड़े कब कमजोर साबित हो जायेंगे, ये महाराष्ट्र में कोई नहीं जानता। भाजपा को येन-केन महाराष्ट्र में अपनी सरकार चाहिए। महाराष्ट्र में पहले जिस शिवसेना के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाराष्ट्र अघाडी गठबंधन की सरकार चल रही थी वो भी ईंट और रोड़े की ही सरकार थी। उसमें भी कांग्रेस और एनसीपी के अलावा भाजपा की अनन्य सहयोगी रही शिवसेना थी। मराठा आरक्षण आंदोलन तब भी था लेकिन आज की तरह उग्र नहीं था। आज इस आंदोलन को कोई तो है जो परदे के पीछे से ताक़त दे रहा है। कोशिश कर रहा है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बवाल हो।महाराष्ट्र में मराठा अगड़े हैं या पिछड़े ये सब जानते हैं। उनकी माली दशा कैसी है ये भी किसी से छिपी नहीं है। सत्ता में मराठाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग भी जाने-पहचाने हैं, इन सबके रहते आरक्षण का मुद्दा अब तक ज़िंदा क्यों है, इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। सवाल ये है कि अपने आपको मराठा कहने वाले महाराष्ट्र के तमाम नेता इस मुद्दे पर अपना रुख साफ़ क्यों नहीं करते, क्यों अपने समाज को बिखरते देख रहे हैं? महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार में भी मराठा हैं, उसके पहले की सरकार में भी थे और जब सूबे में अकेले कांग्रेस की सरकार होती थी तब भी मराठा सत्ता में सर्वोपरि थे, तब मराठों को आरक्षण देने की मांग इतनी बलवती क्यों नहीं थी? अब क्यों है?आरक्षण की तमाम मांगों के संदर्भ में सरकारें और राजनीतिक दल सुप्रीम कोर्ट में मामलों को लटकाये बैठे हैं। निर्णय लेने की हिम्मत किसी में नहीं है। न न्यायपालिका में और न संसद में। इस मुद्दे को लेकर चाहे राजनीतिक दल हों या आरएसएस जैसे संगठन, हमेशा रंग बदलते रहते हैं। कभी आरक्षण का समर्थन करते हैं तो कभी विरोध। जातीय समूह इस हकीकत को समझे बिना राजनीति के हाथों का खिलौना बने हुए हैं महाराष्ट्र में भी और दूसरे राज्यों में भी। आरक्षण की मांग कब पिटारी में बंद हो जाती है और कब बाहर आ जाती है खुद मांग करने वालों को पता नहीं चलता।महाराष्ट्र पर वापस लौटते हैं। मराठा आरक्षण आंदोलन की उग्रता के पीछे कभी-कभी मुझे जातीय जनगणना का ताजातरीन मुद्दा भी दिखाई देता है। बिहार सरकार ने ये मुद्दा पैदा किया है और कांग्रेस इस मुद्दे को ले उड़ी है। कांग्रेस ने घोषणा कर दी है कि देश में जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं या आगे बनेंगी, इन राज्यों में जाति जनगणना कराई जाएगी। जाति जनगणना के मुद्दे पर भाजपा भ्रमित है। भाजपा इस मुद्दे को समाज के लिए विभाजनकारी मानती है लेकिन आरक्षण के मुद्दे पर फिर गुलाटी मार जाती है। इस मुद्दे पर भाजपा महाराष्ट्र में भी उलझी है और महाराष्ट्र के बाहर पूरे राष्ट्र में भी।

जाति जनगणना के मुद्दे के सामने राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का महकदार धुंआ भी असर करने वाला नहीं है। भाजपा के पास राम नाम लेने के अलावा और कोई मुद्दा है भी नहीं। भाजपा के तरकस के तमाम तीर निकल चुके हैं यानी इस्तेमाल किये जा चुके हैं। मुमकिन है कि आरएसएस और भाजपा की प्रयोगशाला से मराठा आरक्षण और जाति जनगणना जैसे ज्वलंत मुद्दों की काट के लिए कोई नया मुद्दा बनाया जा रहा हो ! लेकिन फिलहाल महाराष्ट्र को धधकती आग से बचाने का सबसे बड़ा मुद्दा है। यदि ये आग और फैली तो तय मानिए कि देश का एक समृद्ध राज्य भी बर्बाद हो जाएगा। मणिपुर जैसा छोटा राज्य हम पहले ही बर्बाद कर चुके हैं। आइये राष्ट्र को बचाएं, महाराष्ट्र को बचाएं, आग को फैलने से रोकें। आग बुझाएं। मराठा आंदोलन के चक्कर में मैं स्थापना दिवस की बधाई देना भी भूल गया था। एक नयंबर को जन्मा मध्यप्रदेश तमाम अलाओं-बलाओं से दूर रहे। यही कामना है।

**(साभार : राकेश अचल के फ़ेसबुक पेज से)**

# आज रवि पुष्य योग और आश्लेषा नक्षत्र का शुभ संयोग

**आज** 5 नवंबर दिन रविवार को चंद्रमा अपनी ही राशि कर्क में संचार करने वाले हैं। साथ ही कल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि है और इस दिन संतान की लंबी आयु के लिए अहोई माता की पूजा की जाती है। इस दिन रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, शुभ योग, शुक्ल योग और आश्लेषा नक्षत्र का शुभ संयोग भी बन रहा है, जिससे दिन का महत्व बढ़ गया है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अहोई अष्टमी के दिन इन शुभ योग के बनने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और इन शुभ योग में की गई पूजा अर्चना का फल तुरंत प्राप्त होता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, रविवार का दिन पांच राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है। इन राशियों के मान सम्मान में वृद्धि होगी और समाज में आपकी नई छवि भी बनेगी। राशियों के साथ कुछ ज्योतिष उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों के करने से कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होगी और ऐश्वर्य व यश की प्राप्ति होगी।



## इन राशियों के लिए शुभ है आज का दिन

5 नवंबर का दिन मेष राशि वालों के लिए स्पेशल है। मेष राशि वाले पूरे दिन मौज मस्ती के मूड में रहेंगे और घरवालों के लिए कुछ गिफ्ट भी ला सकते हैं। व्यापारियों की कल जरूरी डील फाइनल हो सकती है, जिसके सफल होने पर परिवार के सदस्यों के लिए छोटी सी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। मेष राशि वालों को विदेश जाने का मौका मिलेगा और स्थाई रूप से वहीं बस जाने का मौका मिलेगा। नौकरी पेशा जातक रविवार की छुट्टी का आनंद लेंगे और दोस्तों से मुलाकात भी करेंगे। अहोई अष्टमी के पर्व की वजह से घर में धार्मिक माहौल रहेगा। नए लोगों से जान पहचान बनाने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपके काम आएंगे।

**मेष** राशि वालों के लिए प्रायः मनोकामना पूर्ति के लिए बरगद के पत्तों पर अपनी इच्छा लिख दें और फिर उसे बहते पानी में प्रवाहित कर दें।

**मिथुन** राशि वालों के लिए दिन शानदार रहने वाला है। मिथुन राशि वालों को कल धनार्जन करने में कामयाब होंगे और दोस्त आपकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। सामाजिक कार्य करने से आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी और सरकार द्वारा सम्मानित भी किए जाने की संभावना रहेगी। व्यवसाय को अच्छे ढंग से चलाने में सफल होंगे और बड़े धन लाभ को अर्जित करने में सक्षम होंगे।

**मिथुन राशि वालों के लिए रविवार का उपाय :** नौकरी व व्यवसाय में उन्नति के लिए तांबे के लोटे में जल में चावल, लाल मिर्च के कुछ दाने और लाल रंग के फूल मिलाकर सूर्यदेव अर्पित कर दें।

**कर्क** राशि वालों को कल भाग्य का साथ मिलेगा और अहोई माता की भी कृपा रहने वाली है। कल रविवार की छुट्टी पर घरेलू कार्यों को पूरा करेंगे, जिसका आप काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। कारोबार में वृद्धि के लिए नई योजनाओं पर काम करेंगे, जिसके बारे में पिताजी को बताएं। उनकी सलाह आपको आगे बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होगी।

**कर्क राशि वालों के लिए उपायः** धन संबंधित समस्याओं से मुक्ति के लिए जल में गुड़ व घी डालकर अर्पित करें और सूर्य चालीसा का पाठ करें। साथ ही नमक रहित भोजन करना लाभकारी रहेगा।

**कन्या** राशि वाले कल अपनी ऊर्जा अच्छे कामों में लगाएंगे और घर में शांति का माहौल बना रहेगा। कन्या राशि वाले कल दीपावली की खरीदारी करेंगे और घरेलू कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी पेशा जातक कल दोस्तों के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बनाएंगे। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा और अच्छा मुनाफा भी प्राप्त करेंगे। व्यापारिक यात्राओं से लाभ के शुभ संयोग भी बन रहे हैं। अहोई अष्टमी की वजह से घर में धार्मिक माहौल रहेगा और कुछ खास व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं।

**कन्या राशि वालों के लिए उपायः** आर्थिक उन्नति के लिए सूर्यदेव को जल में चावल मिलाकर अर्पित करें और सूर्य बीज मंत्र का जप और आदित्य स्त्रोत का पाठ करें।

**धनु** राशि वालों के कल रिश्तों में खुशियां बढ़ेंगी और घर का माहौल सुख शांति वाला रहेगा। व्यवसाय में अच्छी वृद्धि होगी और व्यापार विस्तार की योजना बनाएंगे। जीवनसाथी को अच्छा धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। अगर कल आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे तो वह जरूर पूरा होगा। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे।नवविवाहित जातकों के घर पर नए मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। परिवार में अगर कोई कलह चल रही है तो वह कल खत्म हो जाएगी और पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु राशि वालों के लिए रविवार का उपायः** सूर्यदेव को जल में गुड़हल के फूल मिलाकर अर्पित करें और सूर्य चालीसा का पाठ करें। साथ ही किसी बीमार व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएं।

### सुविधा केंद्रः मतदान कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से करेंगे मतदान...

# 5 से 9 नवंबर तक चारों विधानसभा के प्रशिक्षण स्थल पर संचालित होगा मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण विधानसभा स्तर पर 5 नवंबर से प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही हर विधानसभा स्तर पर निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर डाक मतदान सुविधा केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। डाक मतदान सुविधा केंद्र 5 नवंबर से 9 नवंबर तक चलाएं जायेंगे। जिसमें प्रशिक्षण लेने वाले मतदान कर्मचारी अपनी विधानसभा के लिए और अन्य जिले में पदस्थ जिले के कर्मचारी भी मतदान कर सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा के प्रशिक्षण केंद्र पर चारों विधानसभा के लिए अलग अलग 4 मतदान सुविधा केंद्र रहेंगे। मतदान कर्मचारी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मतदान कर्मियों के मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।कलेक्टर श्री सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विधानसभाओं में पोस्टल बैलेट उपलब्ध करा दिया गए हैं। डाक मत पत्र से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी मतदान कर्मियों को जानकारी दी जाए। साथ ही डाक मतपत्र से मतदान प्रक्रिया



### हर विधानसभा में 4 मतदान सुविधा केंद्र बनाएं जायेंगे, जिसमे मतदान कर्मी अपनी विधानसभा के लिए करेंगे मतदान.. जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

का फ्लेक्स भी प्रशिक्षण स्थल पर चस्पा किए जाएं। ताकि मतदान में कोई परेशानी न हों। यह भी सुनिश्चित करें कि हर विधानसभा के अभ्यार्थी और उनके अभिकर्ता को यह जानकारी भी दी जाए कि उनकी विधानसभा के कर्मचारियों के मतदान के लिए अन्य तीन विधानसभा जिसमें भी उनकी ड्यूटी रहेंगी,वहां उनके द्वारा मतदान किया जाएगा।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि डाकमत पत्र से मतदान के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। मतदान प्रक्रिया के बाद प्रत्येक दिन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतपेटी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जाकर उन्हें जमा कराया जाए। इसकी सूचना भी अभ्यर्थियों को दी जाएं। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री पंकज दुबे ने डाक मत से मतदान और उससे जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के बारे में रिटर्निंग अधिकारियों को विस्तार से बताया गया।

जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## 6 व 8 नवंबर तक वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी घर पहुंच मतदान सुविधा...

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि चारों विधानसभाओं में 80 प्लस आयु के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 12 डी आवेदन का वितरण किया गया था। जिसमें सहमति के आधार पर जिले में कुल 1579 मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन मतदताओ का मतदान 6 नवंबर से 8 नवंबर तक कराया जायेगा। 9 नवंबर को केवल किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर घर में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथियां पर कहां-कहां मतदान करवाया जाएगा इसकी सूचना मतदाताओं के साथ राजनीतिक दलों को भी दी जाएगी।

शनिवार को कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में घर पहुंच मतदान सुविधा की तैयारीयों के संबंध में सभी रिटर्निंग अधिकारियों से जानकारी ली.

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि घर पहुंच मतदान के लिए मतदान दल गठित किए गए हैं , जिन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका हैं। उन्होंने कहा कि घर पर मतदान करने की सहमति देने वाले मतदाताओं को

### मतदान दल घर पर जाकर कराएंगे मतदान

संबंधित बीएलओ के माध्यम से सूचना के देने के साथ ही उनके मोबाइल नंबर पर भी एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाए। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को को सूचना की पावती भी ली जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी रिटर्निंग अधिकारी पोलिंग पार्टीज के लिए वाहन, सुरक्षा बल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किस रूट पर किस दिन मतदान दल घर पहुंच मतदान के लिए जाएंगे इसकी जानकारी भी अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को दी जाए। मतदान प्रक्रिया समाप्ति के पश्चात पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतपेटियों को विधानसभा स्तर पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं की उपस्थित में रखा जाए। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने डाक मत से मतदान और उससे जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के बारे में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विस्तार से बताया गया। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# माखन नगर के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की

### त्योहार के दृष्टिगत खाद्य सामग्रियों की जांच निरंतर जारी..



**नर्मदापुरम।** आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशन में विभागीय जांच दलों द्वारा जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई निर्माता, विक्रेताओं की जांच की जा रही है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं टीम द्वारा बाबई क्षेत्र स्थित बीकानेर स्वीट्स कॉर्नर, मधुबन स्वीट्स, अजय बतेशा सेंटर एवं गुरुकृपा होटल एंड रेस्टोरेंट सहित अन्य मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ मलाई बर्फी, खोया, बतासे एवम् मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य पदार्थ मिठाई आदि पर निर्माण तिथि एवम अवसान तिथि का प्रदर्शन एवम साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। नमूने जांच हेतु विधिवत प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

### प्रदेश विकास को लेकर समर्थन मांग रहे विजय पाल

# जनसम्पर्क पर निकले सोहागपुर विधानसभा प्रत्याशी

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

सोहागपुर विधान सभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजयपाल सिंह ने गत दिवस सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम भटगांव, मदनपुर सहित अन्य गांव में जनसंपर्क करते हुए अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुँचे और क्षेत्र के विकास के लिए ग्रामीणों से उनका समर्थन मांगा।

प्रत्याशी विजयपाल सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी जो कहती है वह कर के दिखाती है। आपका एक एक वोट सोहागपुर और मध्यप्रदेश का भविष्य तय करेगा इसलिए आप सभी सोहागपुर और मध्य प्रदेश में ऐसी सरकार चुनिए जो विकास कार्यों के साथ ही गरीब कल्याण को प्राथमिकता में रखते हुए एवम सोहागपुर विधानसभा को सर्वश्रेष्ठ बनाने में योगदान दें। वहीं सोहागपुर विधानसभा के ग्रामीणों का कहना है कि बीजेपी सरकार ने हर विभाग में उन्नति की है सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहित अन्य विभागों उन्नति की है। सोहागपुर विधायक भी गांव में निरंतर आते रहते है।



# देशी कट्टा सहित कारतूस बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र नर्मदापुरम तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के कुशल नेतृत्व में अवैध हथियार रखने वालो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जो पीले रंग की टी शर्ट पहने है मेहरागाव मेन रोड नदी पुल के आस पास देशी कट्टा कमर मे रखे घूम रहा है. सुचना पर तत्काल थाना प्रभारी इटारसी द्वारा एक टीम का गठन किया गया. टीम मेहरागावं मेनरोड नदी पुल के पास पहुची। जहां एक व्यक्ति मुखबिर के हुलिये अनुसार संदिग्ध अवस्था में नदी पुल पर खड़ा दिखा जो पुलिस को अपने पास आता देख वह वहां से भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा. नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शुभम यादव पिता सीताचरण यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तीखड का होना बताया. जिसके कब्जे से अवैध रूप से रखी एक 12 बोर देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस मिले। जिनके संबंध में वैध लाइसेंस एवं दस्तावेज पुछने पर उसके द्वारा कोई भी वैध लाइसेंस नही होना बताया। बाद मौके पर आरोपी से एक 12 बोर देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 25 , 27 आर्म्स एक्ट का होने से थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये इटारसी पुलिस द्वारा लगातार आरोपियो की धरपकड़ की जा रही है। आगामी विधान सभा चुनाव एवं आदर्श आचार संहिता के पालन में इटारसी पुलिस टीम द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रखी जावेगी।

## दूसरे जिले में पदस्थ नर्मदापुरम के मतदाता 5 से 9 नवंबर तक कर सकेंगे मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

### विधानसभा स्तर पर बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र पर किया जाएगा मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले के मतदान कर्मियों की मतदान प्रक्रिया 5 से 9 नवंबर तक संबंधित विधानसभा स्तर पर संचालित प्रशिक्षण केंद्र में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र पर की जाएगी। जिसमें अन्य जिले में पदस्थ जिले के मतदाता भी सक्षम अधिकारी की अनुमति और वोटर आईडी कार्ड के साथ उनके विधानसभा के निर्धारित मतदान सुविधा केंद्र पर जाकर मतदान कर सकेंगे। केवल वे ही अन्य जिले में पदस्थ जिले के मतदाता मतदान कर सकेंगे जिन्होंने पूर्व में आवेदन 12 जमा कर मतदान के लिए सहमति दी हैं। ऐसे मतदान कर्मी अपने विधानसभा के प्रशिक्षण केंद्र में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र पर डाक मत पत्र से मतदान कर सकेंगे।

**मेट्रो एंकर** | 9 दिसंबर को मध्यस्थता जागरुकता कार्यक्रम

# नेशनल लोक अदालत समीक्षा बैठक एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आगामी नेशनल लोक अदालत 09 दिसम्बर 2023 की समीक्षा बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम सह पैरालीगल वालेन्टियर्स व पैनल लॉयर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश सुश्री सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि विवाद के निराकरण कई से प्रकार हो सकते है, किन्तु सबसे बेहतर विकल्प विवाद का आपसी सुलह समझाइश के माध्यम से समाधान है जो लोक अदालत, मीडिएशन आदि माध्यमों से संभव है। उनके द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के कार्यो को महत्वपूर्ण बताते हुए आरोपी के बचाव के लिए सक्रिय एवं प्रभावी प्रयासों की बात कही गई। उनके द्वारा प्रकरण में मध्यस्थता सफल अथवा असफल होने की स्थिति में



प्रतिवेदन प्रेषित करते समय ध्यान में रखे जाने वाले बिन्दुओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार दांगी ने नेशनल लोक अदालत एवं मध्यस्थता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले उल्लेखनीय कार्यो की भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी सभाजनों से यह बात कही गई कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति विधिक अथवा अन्य सहायता अपेक्षित होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर सकते है। उनके द्वारा सभी उपस्थित न्यायाधीश, अधिवक्ता, पैरालीगल वालेन्टियर्स आदि से आव्हान किया गया कि आगामी 09 दिसम्बर 2023 की नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रखा जाये एवं निराकरण का प्रयास किया जाए। बैठक में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भारद्वाज एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स कु. संयोगिता सोलंकी एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स श्री जगदीश दुबे द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में अन्य न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारीश्री जीशान खान, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारीगण, पैनल लॉयर्स एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित थे।

### मतदान 17 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी प्रक्रिया

**सीहोर।** मतदान 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5.30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5.30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा।



# नगर की स्वच्छता पर लग रहे हैं दाग, जिम्मेदार चिपके कुर्सी पर

### डेंगू के बढ़ रहे हैं मामले, फिर भी कानों पर नहीं रेंग रही जूं



**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

नगर को साफस्वच्छ बनाने के लिए लाखों रुपए पानी की तरह बर्बाद कर दिए गए फिर भी हालत जस के तस बने हुए हैं। सर्व टीमों को दिखाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर पैसे जरुर बर्बाद कर दिए जाते हैं । शहर की समस्याओं के निधन के लिए कदम उठाने का काम जरूर नहीं किया जा रहा है। इसके कारण गंदगी और मच्छरों के प्रकोप नगर में बढ़ता ही जा रहा है, धरातल पर कुछ होता है नजर नहीं आ रहा है। शहर के मुख्य स्थान पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं बदबू और मच्छरों के कारण यहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है ।दूसरी ओर धार्मिक स्थल भी यहां पर पढ़ते हैं श्रद्धालुओं को आने-जाने में भी कठिनाई होती है। इसकी जानकारी होने के बाद भी मुख्य नगर पालिका के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या तो इन दिनों डेंगू पैर पसार रहा है। उसकी रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाऐ जा रहे। इसके मामले दिन ब दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। शहर में सार्वजनिक स्थान पर जगह-जगह कूड़े के डेर लगें हैं । जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ाने की संभावना अधिक होती है गंदगी के ढेर शहर में कई जगह देखने को मिल जाता है। बोरवाड़ी स्थित चतुर्भुज मंदिर के पास में नगर पालिका शादी हाल के पास कस्टम पर माताजी के मंदिर के थोड़े पहले ही घोड़े के ढेर लगे हुए हैं जो नगर की स्वच्छता को भी मुंह चिढ़ा रहे हैं जिम्मेदारों को भी आईना दिखा रहे हैं फिर भी जिम्मेदार आंखें बंद करके तमाशा देख रहा है हारने की बात तो है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपनी कार्यालय में बैठकर कुर्सी तोड़ना है, शहर की समस्याओं को देखने और जानने के दिन के लिए समय नहीं है साथ ही शहर वासी अपनी समस्या लेकर इनके पास जाते हैं तो उनकी सुनवाई भी इनके द्वारा नहीं की जा रही है ना ही नगर की समस्या को दूर करने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे । घंटे तक घरों से निकलने वाला कचरा सर्जजनिक स्थलों पर पड़ा रहता है । मवेशी इन पनियों को खाते हुए भी दिखाई दे रहे हैं, इसकी वजह से कई बार मवेशियों की मौत भी हो जाती है। गौ माता के पेट में जाने से उसकी दम घुटने से मृत्यु होने की संभावना अधिक रहती है साथ ही गंदगी जहां पर होगी वहां पर मच्छरों बढ़ते हैं । वही नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी की होती है पर यहां की नगर पालिका लंबे समय से भगवान भरोसे इस संचारित हो रही है। जिनकी उदनशीलता के चलते नगर वासियों की समस्याओं का समाधान तो हो ही नहीं रहा पर शहर में मुख्य स्थान पर कूड़े के ढेर जरूर लग रहे है।

**इनका कहना है**

समस्या के निराकरण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश देकर समस्या का समाधान करवाएंगे ।

–**हर्षल चौधरी**, एसडीएम चौधरी

---

### दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ गणेश की अथाई पहुँचे जीतू का उमाकांत शर्मा ने किया सम्मान

# कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता लेकर उमाकांत शर्मा से मिले जीतू रघुवंशी

**भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने किया जीतू रघुवंशी का सम्मान**



**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये लटेरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद रघुवंशी का शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर जोरदार स्वागत किया गया। वे अपने समर्थकों के साथ गणेश की अथाई स्थित विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर उनसे मिलने पहुँचे थे। उल्लेखनीय है कि जितेंद्र रघुवंशी ने विगत दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह के समक्ष भोपाल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली है।

दोपहर करीब 1 बजे अपने दर्जनों समर्थको के साथ विधायक उमाकांत शर्मा से मिलने के लिए पहुँचे जिनका गणेश की अथाई पर कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। यहां पर प्राचीन गणेश मंदिर में दर्शन के उपरांत उन्होंने उमाकांत शर्मा से भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उमाकांत शर्मा ने उनका केसरिया साफा पहनाकर भाजपा के दुपट्टे पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उनके भाई वीरेंद्र रघुवंशी भी मौजूद थे। इसके पूर्व जितेन्द्र ने स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अपने निवास पर भाजपा में शामिल हुए नए कार्यकर्ताओ का कर उन्होंने कहा की में भाजपा परिवार में शामिल हुए जितेंद्र सहित उन सभी युवाओं बुजुर्गों का अभिनंदन करता हूँ जो मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करके आये है। जितेंद्र रघुवंशी चमकता हुआ युवा नेता है जिनके आने से मुझे व भाजपा संगठन को विजय प्राप्त होगी। निश्चित ही इस पूरी टीम के भाजपा में काम करने से परवरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र एवं लटेरी कस्बे में लाभ मिलेगा। लटेरी नगर परिषद में वह सर्वाधिक 600 वोट से जीतकर आए है। जो उनकी लोकप्रियता ओर विनम्रता का प्रमाण है।

इस मौके पर जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि में भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूँ। कांग्रेस में निष्ठावान कार्यकर्ताओ की कोई कद्र नही है मुझे तो ओर बहुत पहले भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए था। उमाकांत जी सिरोज लटेरी में विकास के कामो को गति प्रदान कर रहे हैं। में पूरे मनोयोग से भाजपा संगठन ओर उमाकांत शर्मा को विजय बनाने के लिए काम करूँगा। पत्रकारों के कांग्रेस प्रत्यशी द्वारा अपने परिवार से नकारे जाने पर उन्होंने कहा कि वह मेरे चेहरे भाई है विगत लटेरी नगर परिषद चुनाव में वार्ड पार्षद में मेरी जीत पर चकते भाई का सम्बोधन करते हुए पोस्ट भी प्रेषित की थी। इस अवसर पर मुम्बई से चुनाव संगठक का काम देख रहे धर्म शर्मा, मंडल प्रभारी दिनेश शर्मा, रमेश यादव सहित नेतागण उपस्थित रहे।

### ईव्हीएम सीधे मतदान केन्द्र पर लेकर पहुंचे

**विदिशा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, निर्विघ्न रूप से संपादित कराने हेतु नियुक्त सेक्टर आफीसर और मतदानकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि जैसे ही ईव्हीएम मशीन प्राप्त करते है तो कहीं और रूकना नहीं है सीधे संबंधित क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर पहुंचना है। कलेक्टर श्री भार्गव ने सेक्टर आफीसरों को ततसंबंध में सख्त हिदायत दी है कि ईव्हीएम लेकर यदि कोई सेक्टर आफीसर अपने कार्यक्षेत्र के मतदान केन्द्रो पर नहीं पहुंचा या अन्यत्र कहीं रूका है तो उनके खिलाफ निलंबन के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सभी सेक्टर आफीसरों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। निर्देशो के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर भार्गव ने बताया कि मतदान प्रक्रिया की अनुपयोगी ईव्हीएम मशीने सीधे ईव्हीएम गोडाउन में जमा कराई जाएगी। इसके पश्चात सेक्टर आफीसर स्ट्रांगरूम शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी पहुंचेगे।

### मतदान दिवस 17 नवम्बर को सवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने के निर्देश

**रायसेन।** विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को सभी उद्योग, संस्थानों, दुकानों आदि में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों को मतदान में भाग लेने के लिए मतदान दिवस 17 नवम्बर को सवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने के संबंध में श्रमायुक्त मप्र इंदौर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानानुसार प्रदेश की समस्त विधानसभाओं के क्षेत्रों में आने वाले सभी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह दैनिक मजदूर या आकस्मिक श्रमिक श्रेणी का ही हो, जो आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में मतदान करने का हकदार है। उसको मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाना आवश्यक है। यदि कामगार किसी ऐसे उद्योग या स्थापना में नियोजित है जो उस विधानसभा क्षेत्र से बाहर है जहां आम निर्वाचन हो रहे हैं, तब भी उन्हें मतदान हेतु सवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी।

---

## भाजपा को झटका पूर्व एबीपी जिला अध्यक्ष और सदस्य शर्मा ने समर्थकों संग थामा कांग्रेस का दामन



**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

विधानसभा क्षेत्र 14 में लगातार भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामने का दौर चल रहा है। इसी क्रमांम में पूर्व जिला अध्यक्ष एबीपी एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि विनोद शर्मा इनकी पत्नी जो जनपद सदस्य हैं साथ ही इनके क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी के कार्यालय में पहुंचकर सदस्यता ली।

इन सभी का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी के मधुर स्वभाव एवं इनकी नीति व इनके काम से प्रभावित होकर से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की आज भाजपा में किसी भी कार्यकर्ता का सम्मान नहीं हो रहा है वहां पर अधिकांश कार्यकर्ता बुरे मन से कम कर रहे हैं। जिसे हमने सोचा कि हम लोग दुखी मन से नहीं खुले मन से कांग्रेस के लिए काम करेंगे। जिसके बाद श्री रघुवंशी ने कहा कि हमारे यहां पर हर कार्यकर्ता हर व्यक्ति को मान सम्मान मिलेगा बिना भेदभाव के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए भ्रष्टाचार मुक्त सिरोंज लटेरी क्षेत्र को बनाने का काम किया जाएगा ।



वहीं जनता सदस्य प्रतिनिधि विनोद शर्मा जो अब कांग्रेस के हो चुके उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में लंबे समय से काम करता आ रहा हूं, पर आज तक मेरे जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता की कोई वैल्यू नहीं थी यहां पर भाजपा एक व्यक्ति कि पार्टी बन गई है अधिकांश कार्यकर्ताओं के मान सम्मान को धूमल किया जा रहा है । जो जनप्रतिनिधि चुनकर आते हैं उनकी भी सुनवाई नहीं होती है, दुखी मन से भाजपा में हजारों कार्यकर्ता दुखी है। अंदर से विरोध करने से अच्छा हमने सोचा खुलकर ही इनका विरोध करें दुखी मन से काम करने से अच्छा मैं भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस ग्रहण करना उचित समझा क्योंकि यहां पर सभी का मान सम्मान है गगनेंद्र रघुवंशी का व्यवहार बहुत अच्छा है हर आदमी इसे आसानी से मिल सकता है ।

यहां पर हर व्यक्ति का सम्मान होता है। कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी को जिताने के लिए तन मन धन से काम करूंगा क्षेत्र का एक-एक कार्यकर्ता समर्पित भाव से कांग्रेस के लिए आज से ही काम में जुट गया है । इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

**मेट्रो एंकर** चंदनपुरा पंचायत के दिव्यांगों ने प्रेरित होकर गाँव में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं ने ट्राईसाइकिल रेस की, ली मतदान की शपथ

**शिवपुरी ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा, इस विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से युवा, वृध्द, महिला मतदाताओं पर फोकस किया है लेकिन इसके बाद अब दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद शिवपुरी की चंदनपुरा पंचायत जहाँ पिछली विधानसभा चुनाव में कम मतदान हुआ था, वहां आज दिव्यांग मतदाताओं के बीच व्हीलचेयर रेस का आयोजन किया गया। इस रेस में दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




सर्वप्रथम सभी दिव्यांग मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। रेस को दो पाली में पूर्ण करवाया गया। पहली पाली में 6 दिव्यांगों ने बिना बैटरी वाली ट्राय साइकिल रेस की जिसमें विष्णु धाकड़ और कल्याण आदिवासी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेटरी चलित ट्राय साइकिल रेस में आदेश आदिवासी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद सीईओ जनपद शिवपुरी ने सभी दिव्यांगों के साथ रेस में दर्शक बने समस्त मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई एवं उनसे अपील की। चंदनपुरा के मतदान केंद्र में पिछली बार कम मतदान हुआ है 17 नवंबर को शत प्रतिशत करवाकर चंदनपुरा पंचायत का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें।

इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम के बाद सभी दिव्यांग मतदाताओं ने प्रेरित होकर पूरे गाँव में एक एक घर को कवर करते हुए ट्राईसाइकिल रैली निकाली एवं घर घर जाकर एक एक मतदाता को मतदान का महत्त्व बताया। कार्यक्रम में बीसी एसबीएम नितिन जैन, सहायक मानचित्रकार मनोज बरुआ, सब इंजीनियर मुकेश धाकड़ ,सचिव बीएलओ उपस्थित रहें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क किया शर्मा ने

**सिरोंज ।** सिरोंज भाजपा सरकार में जितनी जनकल्याण की योजनाओं को आमजन के हित में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की भाजपा सरकार में लागू हुई उतनी आज तक किसी भी सरकार में नही हो सका। हमे दिग्विजय की अँधेरे की सरकार और पंद्रह महीने की कमलनाथ की ट्रांसफर उद्योग चलाने वाली जनता के कल्याण की योजनाओं को बंद करने वाली सरकार को नही भूलना चाहिए। यह बात भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने शनिवार को अपने जनसंपर्क दौरे के दौरान ग्रामीणों के बीच अपनी बात रखते हुए कही। तरवारिया गाँव में भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को सुनने उमड़े ग्रामवासियों में शामिल महिलाओ से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि पहले बोझ समझी जाने वाली बेटियों के लिए शिवराजसिंह ने लाडली लक्ष्मी योजना बनाकर सम्मान देने का काम किया तो अब प्रदेश की महिलाओं को सबल बनाने के लिए लाडली बहना योजना के माध्यम से खुशहाल करने की कोशिश की है।



# वर्ल्ड कप का ब्लॉक बस्टर मुकाबला आज

पाकिस्तान ने 2023 वर्ल्ड कप के 35वें मुकाबले में न्यूजीलैंड से डकवर्थ लुईस नियम के तहत 21 रनों से हराकर सेमीफाइनल की रेस को एक बार फिर दिलचस्प बना दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली इस जीत के बाद पाकिस्तान सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है, साथ ही न्यूजीलैंड,अफगानिस्तान,नीदरलैंड्स और श्रीलंका भी आधिकारिक तौर पर रेस में बनी हुई हैं। दक्षिणअफ्रीका को भी इसका फायदा हुआ है अब वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई है। शनिवार को खेले गये दोनों मैचों के बाद सेमीफाइनल की बची हुई 2 जगह के लिए 6 टीमों की उम्मीद बाकी है। यानी वर्ल्ड कप के लीग चरण का आखिरी हफ्ता भी अगर मगर के गणित से भरपूर रहने वाला है। अब अगर हम सेमीफाइनल की रस्साकसी वाले मैचों से पहले होने वाले सुपर संडे ब्लॉक बस्टर मैच की करें तो मेरे नजरिये में टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 2023 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा मुकाबला कहा जा सकता है।भारतीय परिस्थितियों में शानदार तरीके से सामंजस्य बैठाकर दमदार प्रदर्शन कर रही साउथ अफ्रीकाऔर घरेलू मैदान पर अपराजित टीम इंडिया के बीच होने वाला यह मैच टेबल टॉप मुकाबला होगा, वैसे भी दोनों ही टीमें सेमीफाइनल की सीट पहले ही पक्की कर चुकी है। इनकी बल्लेबाजी व गेंदबाजी मौजूदा वर्ल्ड कप में सबसे ताकतवर व मजबूत रही है। हालांकि इस मामले में टीम इंडिया फिलहाल बेहतर कही जा सकती है, क्योंकि उसके बल्लेबाजों ओर गेंदबाजों पहले या बाद में टारगेट डिफेंड और लक्ष्य निर्धारण का काम बखूबी किया है।वहीं साउथ अफ्रीका टीम की बल्लेबाजी कितनी भी दमदार रही हो लेकिन चेस करने में थोडी कमजोर नजर आई है,इस टीम की एक मात्र हार भी नीदरलैंड के खिलाफ चेस की चूक से हुई थी। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ 271 रनों का लक्ष्य हासिल करने में भी उसके बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। इसी वजह से आज के मैच का सबसे रोचक पहलू टॉस रहेगा, क्योंकि साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों की ताकत मैच की पहली पारी में अब तक दोगुनी रही है। ऐसे में टीम इंडिया के गेंदबाजों की असल परीक्षा भी अफ्रीका टीम के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने में हो सकती है। मैच का फैसला कुछ भी हो लेकिन देखना यह है कि दोनों टीमें आज के मैच में अपनी कौनसी ताकत को जांचने ओर परखने के लिए टॉस का प्रयोग किस अंदाज में करती हैं।लेकिन एक बात तय है कि वर्ल्ड कप के इस ब्लॉक बस्टर मुकाबले मे खेलप्रेमियों को क्रिकेट का भरपूर मजा आने वाला है।


आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

### पाकिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार, ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर

# न्यूजीलैंड को पाकिस्तान और अफगानिस्तान से खतरा

**कोलकाता, एजेंसी**

वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका टेबल में दूसरे नंबर पर है। उसने 7 मैच खेले और 6 जीते हैं। उसके 12 पॉइंट्स हैं। उसके 2 मैच बाकी हैं। पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है। 7 में से 5 मैच जीतकर उसके 10 पॉइंट्स हैं। ऑस्ट्रेलिया को 2 मैच और खेलने हैं। न्यूजीलैंड चौथी पोजिशन पर बनी हुई है। उसके भी 8 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड ने 8 में से 4 मैच जीते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के भी 8-8 अंक हैं। लेकिन बेहतर नेट रन रेट की वजह से न्यूजीलैंड इन दोनों टीमों से आगे है। पाकिस्तान ने 8 मैच खेले हैं। 8 में से 4 मैच जीते और उसके 8 पॉइंट्स हैं। पॉइंट्स टेबल में पाकिस्तान 5वें नंबर पर पहुंच गई है।



## साउथ अफ्रीका पर जीत की हैट्रिक लगा सकता है भारत

भारत और साउथ अफ्रीका की टीम 1992 वनडे वर्ल्ड कप में पहली बार आमने-सामने हुई थीं, तब भारत को हार मिली थी। तब से 2011 तक दोनों वर्ल्ड कप में 3 बार भिड़ीं, तीनों मैच साउथ अफ्रीका ने जीते। वहीं 2015 और 2019 में दोनों 2 मैचों में भिड़ीं और हर बार टीम इंडिया को जीत मिली। यानी आज का मैच जीतते ही टीम इंडिया टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका पर जीत की हैट्रिक लगा लेगी।

**हेड-टु-हेड में भारी रहा साउथ अफ्रीका:** वनडे में दोनों टीमों के बीच 90 मुकाबले खेले गए। 37 में भारत और 50 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। तीन मैच नो रिजल्ट भी रहे। दोनों आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर के दौरान भारत में ही भिड़ीं थीं। 3 मैचों की उस सीरीज को भारत ने 2-1 से जीता था। 2011 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम को तब ग्रुप स्टेज में केवल एक मैच में हार मिली थी। वो साउथ अफ्रीका ही थी जिसने भारत को हराया था। नागपुर में ग्रुप स्टेज का मुकाबला साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीता था। इस मुकाबले में सचिन तेंदुलकर ने अपना 48वां वनडे शतक लगाया था, ये उनके वर्ल्ड कप करियर की छठी सेंचुरी थी।

## पाकिस्तान की जीत से रोचक बनी नंबर-4 की जंग

शनिवार को वर्ल्ड कप में दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 402 रन का बड़ा टारगेट देने के बाद भी न्यूजीलैंड डकवर्थ-लुइस मैथड की वजह से हार गई। दूसरे मुकाबले में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया ने शिकस्त दी।

पॉइंट्स टेबल की स्थिति

14 पॉइंट्स के साथ भारत अभी टेबल टॉपर है। इंडिया ने 7 मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत को अभी 2 मैच और खेलने हैं। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अगला मैच खेलना है। जो लीग स्टेज में दोनों टीमों का आखिरी मैच होगा। पाकिस्तान से हारने के बाद न्यूजीलैंड 8 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर टिकी है। उसका आखिरी लीग मैच श्रीलंका से है। सेमीफाइनल में क्वालिफाई करने के लिए पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट सुधारने की जरूरत है। इसके अलावा न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के आने वाले मैच भी इस समीकरण पर असर डाल सकते हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतने की दो फेवरेट टीमें भारत और साउथ अफ्रीका का मुकाबला आज होगा। दोनों टीमें लीग स्टेज के 36 मैच खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले और दूसरे नंबर पर है।

## भारत के प्लेयर्स का शानदार फॉर्म जारी

मेजबान भारत पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में है। टीम के बल्लेबाज हो या गेंदबाज सभी मैदान पर अपना 100 परसेंट दे रहे हैं। टीम की तो फील्डिंग पूरे टूर्नामेंट में शानदार है। विराट कोहली ने टीम के लिए 7 मैचों में सबसे ज्यादा 442 रन बनाए हैं। वहीं पेसर जसप्रीत बुमराह 15 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। इधर, ब्लॉकबस्टर मुकाबले से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चोट की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो चुके हैं। हार्दिक बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेले गए मैच में एंकल ट्विस्ट होने के कारण चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में नजर आई। टीम को 7 में से केवल एक हार नीदरलैंड के खिलाफ मिली। बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 545 रन बनाए हैं। वह टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 7 मैचों में चार शतक भी हैं।

## *35 साल के हुए किंग कोहली:* पिता की मौत की खबर सुनने के बाद भी खेला मैच बनाए 90 रन




विराट कोहली आज रिकॉर्ड्स और नेटवर्थ दोनों में ही लगभग सचिन तेंदुलकर के बराबर है, लेकिन ये सफर किसी रोलर कोस्टर की सवारी से कम नहीं रहा। विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक शतक दूर हैं। कोहली आज इसे पूरा करके अपने 35वां बर्थडे को खास बना सकते हैं। बता दें फरवरी में लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू करने वाले विराट दिसंबर में रणजी ट्रॉफी खेल रहे थे। 18 दिसंबर को कर्नाटक के खिलाफ मैच के दौरान विराट के पिता का देहांत हो गया। विराट घर नहीं गए, मैदान पर उतरे और 90 रन बनाए। एक दशक बाद जब एक पत्रकार ने उनसे इस बारे में पूछा तो विराट बोले, मुझे अभी भी वो रात याद है, लेकिन पापा की डेथ के बाद सुबह खेलने का डिसीजन मेरा अपना ही था, क्योंकि मेरे लिए क्रिकेट का खेल पूरा नहीं करना, पाप है। साल 2008 की शुरुआत में ही विराट की कप्तानी में इंडिया ने अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता और इसी के चलते कोहली सीनियर वनडे टीम का हिस्सा बन गए। अंडर-19 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 12 रन से हराकर टीम इंडिया बनी थी चैंपियन। अंडर-19 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 12 रन से हराकर टीम इंडिया बनी थी चैंपियन। साल 2011 में विराट ने वर्ल्ड कप टीम में एंट्री ली और पहले मैच में शतक मारा। वहीं दूसरी ओर 2023 के वर्ल्ड कप में कोहली रन मशीन से शतक मशीन में कन्वर्ट हो गए। उनके वर्क-लाइफ बैलेंस ने उन्हें रिलेशनशिप गुरु का स्टेटस दिला दिया।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

### *बड़े एक्टरों के साथ किया है काम...*

# मुश्किल वक्त में सलमान ने मेरे ऊपर हाथ रखा- निखिल



एक कल हो ना हो, सलाम ए इश्क, चांदनी चौक टू चाइना और बाटला हाउस जैसी फिल्म बनाने वाले फिल्ममेकर निखिल आडवाणी एक वक्त पर करण जौहर के बहुत अच्छे दोस्त थे। निखिल ने कहा, 'कल हो ना बनाने के बाद मेरे और करण जौहर के बीच विवाद हो गया है। मुझे फिल्में मिलनी बंद हो गई थीं। उस वक्त सलमान खान ने मेरे ऊपर अपना हाथ रखा। उन्होंने मुझे सलाम ए इश्क डायरेक्ट करने का मौका दिया। कुछ-कुछ होता है के टाइम पर हम लोगों ने साथ काम किया था। हम दोनों एक दूसरे से काफी हद तक परिचित थे। सलमान खान की वजह से सलाम ए इश्क में अनिल कपूर, प्रियंका चोपड़ा और गोविंदा जैसे बड़े स्टार ने काम किया था। सलमान ने अगर किसी फिल्म के लिए हां बोल दी, तो फिल्म की स्टारकास्ट अपने आप काम करने को तैयार हो जाती है। निखिल आडवाणी और करण जौहर स्कूल फ्रेंड थे। निखिल ने करण की कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। 2003 में करण ने निखिल को पहली बार फुल फ्लेज्ड फिल्म डायरेक्ट करने का मौका दिया था।

### रिव्यूज पढ़ते समय बुरा लगता है

निखिल ने आगे कहा, 'प्रोड्यूसर-डायरेक्टर जो यह कहते हैं कि उन्हें बॉक्स ऑफिस नंबर्स से फर्क नहीं पड़ता तो वे झूठ बोलते हैं। फिल्म रिलीज के दिन जब आप सुबह रिव्यूज पढ़ते हैं, लोग जब आपकी फिल्म की धज्जियां उड़ाते हैं तो बहुत बुरा लगता है। इसलिए उस वक्त आपके पास अच्छे लोग होने चाहिए, ताकि उस स्थिति में वे आपका सपोर्ट सिस्टम बनकर रहें।' निखिल आडवाणी ने कहा कि उनके और करण जौहर के बीच जो मतभेद थे वो अब खत्म हो गए हैं। निखिल ने कहा, 'हम दोनों अब आगे बढ़ चुके हैं। हम दोनों एक दूसरे के काम का सम्मान करते हैं। करण जब भी मेरा फोन उठाते हैं तो मैं इसकी जानकारी ट्विटर पर जरूर देता हूं।

### अक्षय की सीख आज भी याद है...

'अक्षय कुमार ने मुझसे एक बात कही थी। अक्षय ने कहा कि तुम्हारे फोन में कितने नंबर्स होंगे। मैं उन्हें सेठ जी कह कर बुलाता हूं। मैंने कहा कि सेठ जी, होंगे कोई 500 लोगों के नंबर्स। फिर अक्षय ने कहा कि उन 500 लोगों में से तुम हर महीने कितने लोगों से बात करते हो। मैंने कहा कि कम से कम 50 लोगों से बात करता ही हूं। फिर उन्होंने कहा कि एक हफ्ते में कितनों से बात कर लेते हो। मैंने कहा कि करीब 10 लोगों से बात कर लेता हूं। फिर उन्होंने कहा कि एक दिन में कितने लोगों को फोन करते हो। मैंने कहा कि दो से तीन लोगों से बात कर लेता हूं। अक्षय ने कहा कि बस यही दो-तीन लोग तुम्हारे अपने हैं। बाकी लोगों को भूल जाओ। इन दो-तीन लोगों को कभी अपने से जुदा न होने देना।'

# तब्बू ने देव आनंद के साथ पहली फिल्म की थी



तबस्सुम फातिमा हाशमी। ये पूरा नाम है उस एक्ट्रेस का जिन्हें हम तब्बू के नाम से जानते हैं। तब्बू उन एक्ट्रेसेस में से हैं जिन्होंने जो भी फिल्में की हैं, उनमें अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। तब्बू ने 38 साल फिल्म इंडस्ट्री को दिए हैं। ये शबाना आजमी की भतीजी हैं। इन्हें फिल्मों में लाने का श्रेय देव आनंद को जाता है। तब्बू 14 साल की उम्र में फिल्म हम नौजवान में देव आनंद की बेटी बनी थीं। ऐसा नहीं है कि तब्बू का सफर देव आनंद के साथ डेब्यू करने के बाद बेहद आसान रहा। जब वो बड़ी हुईं और फिल्मों में कदम रखा तो उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म प्रेम 5 साल अटकी रही और रिलीज नहीं हो पाई। तब्बू इससे नहीं घबराईं और उन्होंने अपनी फिल्मों के जरिए इंडस्ट्री में लंबी पारी खेलने में सफलता पाई। करण थापर के शो फेस टू फेस में तब्बू ने कुछ साल पहले डेब्यू फिल्म मिलने का किस्सा शेयर किया था। उन्होंने कहा था, बचपन में मैं एक बर्थडे पार्टी में गई थी जहां मेरी मां की दोस्त सुषमा आंटी भी मौजूद थीं। सुषमा आंटी देव आनंद साहब की साली थीं। उन्होंने मुझे उस बर्थडे पार्टी में देखा। वो जानती थीं कि देव साहब एक चाइल्ड आर्टिस्ट की तलाश में थे जो कि फिल्म में उनकी बेटी का रोल प्ले कर सके। इसके कुछ दिन बाद शबाना आंटी (शबाना आजमी) मेरे स्कूल आईं और मुझसे कहा कि देव साहब के साथ एक फिल्म का ऑफर है जिसमें तुम्हें काम करना चाहिए। मैं उस समय फिल्मों के बारे में बिलकुल भी नहीं जानती थी। जब शबाना आंटी ने मुझसे ये बात कही तो मैं काफी नर्वस हो गई। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था लेकिन मैं इसके लिए शबाना आंटी के कहने पर तैयार हो गई। हम नौजवान के बाद तब्बू ने बतौर हीरोइन 1991 में आई तेलुगु फिल्म कुली नंबर 1 से डेब्यू किया था जिसमें उनके को-स्टार साउथ स्टार वेंकटेश थे। इससे पहले 1990 में बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म प्रेम में अपने छोटे भाई संजय कपूर के अपोजिट कास्ट किया था।

# सनी का गुस्सा देख दंग रह गए थे राजवीर



सनी देओल और बॉबी देओल हाल ही में कॉफी विद करण के नए एपिसोड में नजर आए। इस दौरान दोनों को एक सरप्राइज मिला। दरअसल शो के बीच में सनी के के बेटे राजवीर का मैसेज दिखाया गया। राजवीर ने अपने पिता से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। राजवीर ने कहा कि एक बार उनके पिता सनी इतने गुस्से में हो गए थे कि उन्होंने अपने हाथों से मार्बल तोड़ दिया था। दरअसल राजवीर और उनके बड़े भाई करण, घर में ही फुटबाल खेल रहे थे। इससे कमरा में रखा मार्बल्स से बना कीमती सामान टूट गया। सनी को यह देख बहुत गुस्सा आया। उन्होंने नीचे पड़ा मार्बल उठाया और उसे हाथ से तोड़ दिया। ऐसा लगा कि वो मार्बल न होकर मिट्टी को कोई सामान हो।राजवीर देओल ने कहा- उस वक्त हम 5 या 6 साल के रहे होंगे। पापा ने वो मार्बल का टुकड़ा ऐसा तोड़ा जैसा वो कुछ मामूली सामान हो। मैं पापा के गुस्से को देख कर दंग रह गया। पापा के डर से मैं सारी सब्जियां खाने लगा। राजवीर के अलावा करण ने भी अपने पिता सनी के गुस्से के बारे में बात की। करण ने कहा- सौभाग्य से वो ढाई किलो का हाथ मेरे मेरे ऊपर कभी नहीं पड़ा। हालांकि मुझे डराने के लिए पापा का लुक ही काफी था। सनी को टेडी बियर खरीदना पसंद है, अपने कमरे में सजाते भी हैं करण देओल ने अपने पिता के बारे में एक और दिलचस्प बात बताई। उन्होंने कहा- पापा को टेडी बियर खरीदना बहुत पसंद है। आप इस बात पर यकीन नहीं करेंगे, लेकिन वो टेडी बियर खरीदकर अपने कमरे में सजाते हैं।

### ऋचा चड्डा ने सुनाया फिल्म सफर का किस्सा

# डायरेक्टर कनु ने पहली फिल्म ऑफर की



साऋचा चड्ढा की फिल्म फुकरे-3 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। ये फुकरे फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है जिसे मृगदीप सिंह लांबा ने बनाया है। ऋचा ने बताया एक इंटरव्यू में बताया कि 2012 में आई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उनकी जिंदगी बदल दी। ऋचा ने ये भी कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस को बड़ी उम्र के रोल निभाने से दिक्कत है। ऋचा ने कहा, मैं बचपन से स्कूल और कॉलेज के स्टेज पर परफॉर्म किया करती थी और मुझे बहुत मजा आता था। मैंने 4-5 साल की उम्र से सोच लिया था कि कुछ ऐसा ही करूंगी। जैसे जैसे आप बड़े होते हैं, अलग-अलग सिनेमा, कलाकृतियां देखते हैं, डांस फॉर्म देखते हैं। इन सब के साथ आप ग्रो होते हैं और साथ ही आपकी ख्वाहिशें भी ग्रो होती हैं, कि आपको ये सिनेमा करना है, इस तरह का नाटक करना है। ऐसा ही कुछ मेरे साथ भी हुआ। ऋचा ने बताया मुझे ओए लक्की.. इसलिए मिली क्योंकि मैं एक नाटक बगदाद का गुलाम कर रही थी। इस नाटक के डायरेक्टर मेरे गुरु बैरी जॉन थे। उस दौरान मेरा प्ले देखने के लिए डायरेक्टर कनु बहल आए थे। उन्होंने कहा कि वे मेरा ऑडिशन लेना चाहते हैं। मेरा ऑडिशन अच्छा हुआ, और फिर मुझे ये रोल मिल गया था।

**मेट्रो एंकर** | क्लाइमेट चेंज के खिलाफ सीक्रेट वेपन

# पांच महाद्वीपों में पॉकेट फॉरेस्ट का ट्रेंड बढ़ा, बड़े जंगलों की तुलना में इनकी ग्रोथ 10 गुना तेज

**न्यूयार्क, एजेंसी**

एशिया, साउथ अमेरिका, नॉर्थ अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका के कई देशों जैसे- भारत, जापान, रूस में टाइनी, मिनी या पॉकेट फॉरेस्ट (छोटे शहरी जंगल) कवर साल-दर-साल बढ़ रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के दौर में सिकुड़ते जंगलों की खबरों के बीच आपको ये बात राहत भरी लग सकती है। लोग पार्किंग एरिया, स्कूल के ग्राउंड्स और कबाड़खानों को छोटे जंगलों में तब्दील कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, इसका फायदा ये हो रहा है कि बड़े जंगलों की तुलना में छोटे जंगलों की ग्रोथ 10 गुना तेज होती है। ये 30 गुना घने होते हैं और 100 गुना ज्यादा जैव विविधता (बायोडायवर्सिटी) वाले होते हैं। यानी ये आसानी से कार्बन डाइऑक्साइन एबजॉर्ब कर लेते हैं। साथ ही वाइल्ड लाइफ को भी सपोर्ट करते हैं। खास बात को ये है कि टाइनी फॉरेस्ट को शुरुआती 3 साल तक ही पानी देने की जरूरत होती है। इसके अलावा शहरी इलाकों में टाइनी फॉरेस्ट गर्म तापमान को कम करने में भी मददगार साबित हो रहे हैं। यानी



छोटे जंगल वातावरण को ठंडा रख रहे हैं। इकोलॉजिस्ट्स का कहना है कि छोटे जंगल जापानी इकोलॉजिस्ट अकीरा मियावाकी की बंजर जमीन पर छोटे, घने शहरी जंगल बनाने की तकनीक से प्रेरित हैं। जो प्रजातियां इन जंगलों में उगाई जाती रही हैं, उनके सफल होने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने की संभावना होती है। इसके लिए मिट्टी की स्थिति भी अहम होती है। इसे आसान शब्दों में ऐसे समझें, ह्यूमन एक्टिविटीज के कारण धरती के वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हो रहा है। इससे तापमान बढ़ रहा है।

राजीव गांधी चौराहे के मोड़ पर हादसा, पुलिस ने लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ दर्ज किया केस

# लोडिंग वाहन की टक्कर से हुई स्कूटर पर सवार युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**हबीबगंज इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने लोडिंग आपे वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह मामला हादसे में घायल हुए युवक के बयान के बाद दर्ज किया गया है। पुलिस टक्कर मारने वाले लोडिंग वाहन और चालक की तलाश कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक विशाल बागुल (19) मैनिट चौराहे के पास राहुल नगर में रहता है। उसका दोस्त चंद्रमणि उर्फ आशीष मिश्रा (20) बलवीर नगर चूनाभट्टी में रहता था। आशीष पढ़ाई के साथ ही अपने पिताजी की न्यू पेपर एजेंसी के लिए कलेक्शन का काम भी करता था। दोस्त होने के कारण विशाल भी उसके साथ जाया करता था। बीती 25 अक्टूबर को विशाल और चंद्रमणि कलेक्शन के लिए औरा माल शाहपुरा की तरफ जा रहे थे। स्कूटर चंद्रमणि चला रहा था। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दोनों राजीव गांधी चौराहे से प्रशासन अकादमी वाले रोड पर पहुंचे, तभी मोड़ के पास सामने से आ रहे एक सफेद रंग के लोडिंग आपे वाहन ने चंद्रमणि की स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे दोनों स्कूटर समेत गिरकर घायल हो गए। चंद्रमणि को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गंभीर रूप से घायल विशाल का कोलार रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। होश में आने के बाद पुलिस ने विशाल के बयानों के आधार पर टक्कर मारने वाले लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



## नए ट्रैक्टर को टक्कर मारकर भागा ट्रक चालक

बिलखिरिया इलाके में एक ट्रक चालक ने सामने से आ रहे नए ट्रैक्टर को टक्कर मार दी और भाग निकला। घटना रात करीब डेढ़ बजे की बताई है, इस कारण ट्रैक्टर चालक ट्रक का नंबर नहीं देख पाया। पुलिस के मुताबिक अनिल मीना (31) गणेश नगर मिसरोद में रहता है और ग्यारह मील स्थित एलटीसी ट्रांसलिंग प्रायवेट लिमिटेड कंपनी में ड्रायवरी करता है। बीती 2 नवंबर की रात वह कंपनी से न्यू हालैंड कंपनी का एक नया ट्रैक्टर लेकर सागर छो?ने के लिए निकला था। रात करीब डेढ़ बजे अनिल बिलखिरिया बस स्टैंड के आगे पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी और भोपाल की तरफ भाग निकला। इस हादसे में अनिल को चोट नहीं आई, लेकिन ट्रैक्टर को काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बाइक सवार पिता-पुत्र को लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर

बैरसिया इलाके में एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे बेटे को गंभीर चोट आई है। पुलिस के मुताबिक खिलान सिंह जाटव (52) ग्राम गुंडरिया थाना बैरसिया में रहते हैं। दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने बेटे जगदीश जाटव के साथ बाइक से तारावली मंदिर के दर्शन करने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। बाइक जगदीश चला रहा था। पिता-पुत्र नलखे?ा के पास पहुंचे, तभी बैरसिया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप ने जगदीश की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग स?क पर गिरकर घायल हो गए। इस हादसे में जगदीश के हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कृत्य, आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



न्यायालय ने आरोपी 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

14वें अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पोक्सो) तृप्ति पाण्डेय की अदालत ने नाबालिग किशोरी से दुष्कृत्य करने वाले एक आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

लोक अभियोजक के अनुसार, 17 मार्च 2022 को पीड़िता के पिता ने ईटखेडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च 2022 को मेरी नाबालिक बेटी स्कूल गई थी और वह दोपहर 01:30 बजे तक घर वापस आ जाती है, लेकिन वापस नही आई। स्कूल में जाकर पता चला कि वह स्कूल ही नहीं आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी तलाश शुरू की और उसे खोज निकाला। पीड़िता ने बयान दिया कि वह आरोपी को जानती है और वह उसके घर आता था। उस दिन आरोपी मिला और उसे ऑटो से करोंद ले गया। वहां से दूसरे आटो से गांधी नगर ले गया। यहां आरोपी ने अपनी बहन के घर में ले जाकर दो दिन तक जबरदस्ती गलत काम किया।

# करंट से हुई युवक की मौत के मामले में सुपरवाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया इलाके में करंट लगने से हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने काम करवाने वाले सुपरवाइजर के खिलाफ केस दर्ज किया है। मर्ग जांच के दौरान आरोपी की लापरवाही सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक बबलू दांगी (35) ग्राम घोसुआ, थाना गुलाबगंज जिला विदिशा का रहने वाला था और मजदूरी करता था। बीती 15 सितंबर को वह बिलखिरिया स्थित एक निजी कालेज की कैंटीन बिल्डिंग में कालम भरने का काम कर रहा था। इस दौरान मिक्सर मशीन से उसे बिजली का करंट लग गया था। साथी मजदूर उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद बबलू को मृत घोषित कर दिया था। जांच के दौरान पता चला कि काम करवाने वाले सुपरवाइजर अमन खान ने मिक्सर मशीन में बिजली के तार लापरवाही पूर्वक लगाए थे और सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए थे। इसके चलते अमन खान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# तालाब में नहाते समय हादसे का शिकार हुआ था युवक

शव की शिनाख्त हुई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तलैया पुलिस द्वारा बड़े तालाब से बरामद हुए अज्ञात शव की पहचान कर ली गई है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि तालाब में नहाते समय गहरे पानी में जाने से युवक डूब गया था। वह एक दिन पहले घर से घूमने का कहकर निकला था, लेकिन रात को वापस नहीं लौटा। इस बीच परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को पुलिस ने वीआईफी रोड स्थित बड़े तालाब एक युवक की लाश बरामद की थी। पास ही उसका कुर्ता पाजामा और चप्पल रखी मिली थी। शव मिलने की सूचना और मृतक का फोटो हुलिया सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया, जिसके बाद परिजनों ने मृतक की पहचान नईम पुत्र अब्दुल कादिर (25) निवासी संजय नगर पहाड़िया थाना शाहजहांनाबाद के रूप में कर ली। पूछताछ में पता चला कि नईम ठेल पर फेरी लगाकर सब्जी बेचने काम करता था। गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे वह पिताजी से तीन सौ रुपये लेकर घूमने का कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन बड़े तालाब से उसकी लाश बरामद हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

# चैम्बर में गिरने से हुई थी बुजुर्ग की मौत, नगर निगम के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ इलाके में रोड पर खुले चैम्बर में गिरने से हुई एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने नगर निगम के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना तीन साल पुरानी बताई गई है। तीन साल तक चली जांच के दौरान यह पाया गया है कि चैम्बर का ढक्कन नगर निगम के किसी कर्मचारी की लापरवाही के कारण खुला हुआ था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक वेटरनरी अस्पताल के पीछे बैरागढ़ में रहने वाले एमएल जैन (72) शासकीय विभाग से असिस्टेंट डायरेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। तीन साल पहले नवंबर 2020 को वह स्कूटर लेकर वनट्री हिल्स स्थित जैन मंदिर दर्शन करने गए थे। शाम के समय वापस लौटते समय भारतीय स्टेट बैंक के पास मेन रोड पर खुले पड़े चैम्बर में स्कूटर समेत गिरकर घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच के दौरान परिवार वालों ने नगर निगम पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। करीब तीन साल चली जांच के बाद पुलिस ने नगर निगम के खिलाफ लापरवाही पूर्वक काम करने का केस दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि निगम के किस कर्मचारी की लापरवाही से यह चैम्बर खुला रह गया था।

# तलैया में मादक पदार्थ गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तलैया थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखा करीब दस हजार रुपए कीमत का मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि लाल रंग की साड़ी पहने एक महिला मछली मार्केट के पास मादक पदार्थ बेचने की फिराक में ख?ी हुई है। सूचना के बाद महिला पुलिस बल के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेही महिला को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास झोले में रखा 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम अनीता कुचबंदिया (40) निवासी इतवारा बताया। महिला के पास से जब्त हुए गांजे की कीमत करीब दस हजार रुपए बताई गई है।

औद्योगिक क्षेत्र स्थित रूची कलारी के पास हुआ था हादसा

# चार युवकों को रौंदने वाले ट्रक चालक और ट्रक का अब तक नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में रूची कलारी से कुछ दूरी पर सौम्या क्लीनिक के पास शुक्रवार रात चार युवकों को रौंदने वाल ट्रक चालक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस की अलग-अलग टीम घटनास्थल से लेकर मुख्य सड़क तक लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है, लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लगी। पुलिस को घटनास्थल के पास लगे एक कैमरे का फुटेज मिला था। फुटेज में ट्रक जाता हुआ नजर आया है, लेकिन उस फुटेज में एक्सीडेंट की घटना नजर नहीं आई हैं। दरअसल, कैमरा सड़क की दूसरी ओर था।




उल्लेखनीय है कि अमजद खान (19) देवगढ़ झारखंड का रहने वाला था और फिलहाल निजामुद्दीन कॉलोनी, पिपलानी में रहता था। अमजद औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसके साथ हसनुद्दीन खान (26) निवासी देवगढ़, झारखंड भी काम करता था। दोनों शुक्रवार रात काम कर लौट रहे थे। उनकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था और वह बाइक धकेलते हुए औद्योगिक क्षेत्र से मुख्य सड़क की तरफ जा रहे थे। उनके साथ परवेज और हसन अंसारी भी थे। चारों लोग रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास रूची कलारी के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में अमजद खान और हसनुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इधर गंभीर रूप घायल परवेज और हसन को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां इलाज के दौरान आज शनिवार सुबह हसन अंसारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परवेज की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों पैरों में फैक्चर होने के कारण शनिवार को उसका डॉक्टर ने ऑपरेशन किया।

**झारखंड पहुंचाए शव :** शनिवार को हादसे में मरे तीनों युवकों के शवों का पीएम कराया गया। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी शव झारखंड पहुंचा दिए गए है। मृतक के साथियों ने बताया कि वह सभी एक साथ रहते थे और ऑफिस में इस्तेमाल होने वाली चेयर बनाने का काम करते थे। परिजन ने मृतकों का अंतिम संस्कार गांव में करने का कहा था इसलिए सभी शव एंबुलेंस से गांव पहुंचाए गए हैं।

## वाहन ने बाइक सवार किसान को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित खीचीताल, कन्हेरा टर्न पर शनिवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। किसान को एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही किसान को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज मृतक का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार करण सिंह लोधी पिता राजाराम लोधी (50) करोंद खुर्द ईंटखेड़ी में रहते थे और किसान थे। वे रिश्तेदारी में अकेले गए थे और शनिवार रात अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब करीब आठ के आसपास खीचीताल गांव में कन्हेरा टर्निंग पर पर उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से करण सिंह को अस्पताल पहुंचाया था।

**मेट्रो एंकर** हमले में एक युवक के चेहरे पर घाव तो दूसरे की उंगलियां कटी

# रोशनपुरा पर बदमाशों के दो गुट आपस में भिड़े, चाकूबाजी में दो पर जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स स्थित रोशनपुरा चौराहा मंदिर के पास शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे दो निगरानी बदमाशों के गुट आपस में लड़ पड़े। इस दौरान एक गुट के आरोपियों ने दूसरे गुट के दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक युवक को पेट, पीठ, पैर और चेहरे पर चाकू के घांव लगने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि उसके साथी के अंगूलियां कट गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



एसआई मुकेश स्थापक ने बताया कि मोहम्मद शाहरुक पिता मोहम्मद अतीक (24) करीम बक्स कॉलोनी, विदिशा रोड गौतम नगर में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ वीआईपी रोड जाने के लिए निकला था। इसी बीच उसके दोस्त शाहिद को शाहरुक खान ने कॉल किया। कॉल करने के बाद शाहरुक खान ने उसे मिलने के लिए रोशनपुरा चौराहा बुलाया था। दरअसल, शाहरुक खान और शाहिद में पुरानी रंजिश है और शाहरुक ने कहा था कि रोशनपुरा पर मिलकर बात करते हैं। मोहम्मद शाहरुक और शाहिद समेत दो अन्य दोस्त रोशनपुरा चौराहा पर पहुंचे थे। इस दौरान वहां शाहरुक खान, पप्पू चटका, विक्की वाहिद और उनका एक साथी मिला। रोशनपुरा पर पहुंचते ही दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शाहरुक खान ने शाहिद पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में शाहिद को पीट, पैर, चेहरा और पेट में चाकू लगा है, जबकि शाहिद पर हो रहे हमले को रोकने की चक्कर में मोहम्मद शाहरुक की अंगुलियां बुरी तरह से कट गई। गंभीर रूप से घायल शाहिद के साथ मोहम्मद शाहरुक को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। वहां शाहिद की हालत नाजुक बताई जा रही है। देर रात अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुर भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022